दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



**विधानसभा में पहली बार गरजे भजनलाल: राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के जवाब में विपक्ष पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री शर्मा...**

# कांग्रेस राज में कोई काम नहीं होता था बिना सेवा-पानी-खर्ची के



- **हमारी सरकार न पर्ची की ना ही खर्ची की। यह सरकार धरती पुत्रों की है...**
- **विधानसभा की कार्यवाही 8 फरवरी तक के लिए स्थगित...**

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का जवाब देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि पिछली सरकार में आमजन का कोई भी काम बिना सेवा-पानी और खर्ची के नहीं होता था। खर्ची होती थी, इनके यहां प्रीपेड सेवा शुरू हो गई थी। मोबाइल में तो देखा था। इतना डला दो, इतना काम हो जाएगा। हमारी सरकार न पर्ची की है न ही खर्ची की। यह सरकार धरती की है। धरती पुत्रों की हैं। सीएम 2 घंटे 8 मिनट तक अपना जवाबी भाषण दिया। सीएम के जवाब के बाद विधानसभा की कार्यवाही 8 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

सीएम ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह डोटासरा को इंगित करते हुए कहा कि मेरे पास खेत है, आपके पास फार्म हाउस। आप बात ही कर सकते हो, काम वो कर सकता है, जिसकी पैर की बिवाई फटी हो। मैंने हल भी चलाया है। इसलिए मैं समझौता कच्चा नहीं करता हूं, क्योंकि मैं किसान के दर्द को भी जानता हूं, डोटासरा जी। आपके यहां तो नौकर लगे होंगे। हम तो खुद ही नौकर हैं। आपने इसी तरह से गरीब का मजाक उड़ाया है। इसलिए आपकी यह स्थिति है। बता दें, इससे पूर्व डोटासरा ने ईआरसीपी के एमओयू को लेकर सरकार को घेरा था। शर्मा ने विपक्ष के उठाए एक-एक सवाल का जवाब दिया।

### विपक्ष को पर्ची का डर!

सीएम शर्मा ने प्रतिपक्ष द्वारा किए जा रहे 'पर्ची की सरकार' के कटाक्ष पर कहा कि मेरा मुख्यमंत्री बनना शायद अच्छा नहीं लग रहा है। दरअसल, विपक्ष के कुछ सदस्यों में पर्ची का डर बैठा है। इसलिए वो बार-बार पर्ची की बात करते हैं। उन्होंने कांग्रेस को इंगित करते हुए कहा, 'विपक्ष के सदस्यों को कौन-सी तारीख की पर्ची का डर है। यह डर 25 सितंबर 2022 का है। विधायक दल की बैठक के बहिष्कार का है।'

### कानून से चलेगा प्रदेश

सीएम ने उदयपुर, करौली आदि की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'तुष्टीकरण के आधार पर फैसले हो तो संविधान और काननू बौने हो जाते हैं। बात संविधान की करते हैं, लेकिन उस पर चलना होता है। हमारी सरकार शांतिप्रिय प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### एक ही परिवार के कई सदस्य हो गए RAS

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जब हम पढ़ते थे, तब आरपीएससी की साख होती थी, लेकिन आज उस संस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आरपीएससी के मेंबर पेपर चोरी करते पकड़े गए। एक ही परिवार के 3-3, 4-4 सदस्य आरएएस सिलेक्ट हो रहे थे। सीएम शर्मा ने कहा कि लक्ष्मणगढ़ से आने वाले सदस्य (गोविंद सिंह डोटासरा) की चर्चा में सुन रहा था। वो कह रहे थे कि केवल हाईकोर्ट की एलडीसी भर्ती परीक्षा की जांच लंबित है। उन्होंने कई अन्य पेपर्स की जांच का जिक्र किया और डोटासरा की ओर संकेत करते हुए कहा, 'आप अपडेट हो जाएं।

## आपने बिना पढ़े ईआरसीपी का एमओयू कर दिया: नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली



सीएम के जवाब से पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, आपने बिना पढ़े ही ईआरसीपी पर एमओयू कर दिया। यह पहली बार हमने देखा कि कोई दस्तावेज सदन में ही नहीं रखा गया और उस पर हम चर्चा कर रहे हैं। यह तो हमारे सदस्य सीधे हैं और ईआरसीपी बहुत अहम मसला है इसलिए चर्चा कर ली, अन्यथा बिना दस्तावेज सदन में चर्चा नहीं होती। मुख्यमंत्री जब सदन में जवाब दें तो इस बारे में बताएं और ईआरसीपी का एमओयू तो सदन में रखवा दीजिए। ईआरसीपी वाले जिलों से 83 विधायक आते हैं, उन्हें तो उस एमओयू की कॉपी दे दीजिए। जूली ने सरकार को घेरा तो उनके भाषण के बीच टोकाटाकी पर सदन में कुछ देर के लिए हंगामा हुआ। जूली कांग्रेस सदस्यों से बोले, आप शांत रहें, इन सबके लिए मैं अकेला काफी हूं। नेता प्रतिपक्ष ने हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित कई भाजपा विधायकों के विवादित बयानों पर बात की। उन्होंने कहा कि आपके मंत्री यहां तो गांधी को नमन कर रहे हैं और चैंबर में गांधी व अंबेडकर की फोटो हटवाते हैं।

### राममंदिर देश की आध्यात्मिक स्वतंत्रता का प्रतीक

सीएम ने कहा कि राम मंदिर को राजनीति के चश्मे से देखने वालों को चुनावों में जनता नकार देगी। रामलला प्राण प्रतिष्ठा को भी राजनीति के चश्मे से देख रहे हैं, जिन्होंने राम और रामसेतु के अस्तित्व को नकारा, उन्हें जनता ने नकार दिया। आने वाले समय में जनता चुनावों में इन्हें नकारेगी। राम मंदिर देश की आध्यामिक स्वतंत्रता के साथ आर्थिक तरक्की का प्रतीक हैं।

### CM के 4 बड़े ऐलान

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों, बुजुर्गों आदि के लिए चार बड़ी घोषणाएं की हैं। राज्य सरकार ने किसानों को दी जाने वाली पीएम सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गेहूं पर बोनस में बढ़ोतरी की है।

सीएम शर्मा ने कहा कि किसानों को दी जाने वाली पीएम सम्मान निधि में दो हजार रुपए बढ़ाए गए हैं, इसके तहत अब किसानों को हर साल 6 की बजाय 8 हजार रुपए मिलेंगे। इससे सरकार पर 1300 करोड़ रुपए का भार आएगा। वहीं, गेहूं की फसल पर किसानों को 125 रुपए क्विंटल ज्यादा मिलेंगे। गेहूं की फसल पर बोनस सहित 2,275 रुपए मिलते थे, अब 2,400 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे।

वहीं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में भी सरकार ने 150 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। विधवा, बुजुर्गों और परित्यक्ताओं को अब हर महीने 1,150 रुपए मिलेंगे। इससे सरकार पर 1,800 करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। वहीं पाक से विस्ताथपित परिवारों को आवास व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अलग से योजना लाने का ऐलान किया है।

सदन में शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन: विधानसभा में मंगलवार को सदन ने शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अन्य शहीदों को नमन किया।

---

**एक्शन में भजन सरकार**

## सरकारी कर्मचारियों के लिए निकाला सख्त आदेश

**जयपुर**। अब प्रदेश में सरकारी कर्मचारी बिना अनुमति के कार्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। मुख्य सचिव सुधांश पंत के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किए हैं कि कार्मिकों को सुबह 9.30 बजे कार्यालय में पहुंचना होगा। वहीं, लंच (डेढ़ से 2 बजे तक) के अलावा शाम 6 बजे तक बिना अनुमति कार्यालय नहीं छोड़ने की हिदायत दी गई है। साथ ही, डाक व पत्रावलियां लंबित नहीं रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**पाकिस्तान के पूर्व पीएम नहीं लड़ सकेंगे चुनाव!**

## जेल काट रहे इमरान को 10 साल की सजा

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान को पाकिस्तान की एक अदालत ने साइफर मामले में 10 साल जेल की सजा सुनाई है। इससे उनकी जेल से बाहर आने की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं। साइफर मामले में इमरान के साथ ही उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे करीबी शाह महमूद कुरैशी को भी 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है।ऑफीशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत गठित स्पेशल कोर्ट ने दोनों नेताओं के खिलाफ यह फैसला दिया है।

गौरतलब है कि साइफर मामले में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने इमरान को जमानत दे दी थी लेकिन जेल से उनकी रिहाई नहीं हुई थी। पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। विशेष अदालत के इस फैसले को इमरान खान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है जो अभी भी चुनाव लड़ने का ख्वाब देख रहे थे।

माना जा रहा है कि 10 साल जेल की सजा के बाद अब इन दोनों के ही चुनाव लड़ने का रास्ता बंद हो गया है। इमरान के लिए रिहाई का रास्ता अभी बंद नहीं हुआ है। वे इमरान हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।



### क्या है साइफर मामला

साइफर मामला पाकिस्तान के सीक्रेट डिप्लोमेटिक डॉक्यूमेंट्स के लीक होने से जुड़ा हुआ है। इमरान और शाह महमूद दोनों पर ही पाकिस्तान के सीक्रेट डिप्लोमेटिक डॉक्यूमेंट्स को लीक करने का आरोप है। दिसंबर, 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी की पोस्ट अरेस्ट बेल्स (गिरफ्तारी के बाद वाली जमानत) को मंजूर किया था।



## जसवंत सिंह जसोल की बहू की एक्सीडेंट में मौत

### पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह और बेटा हमीर घायल

**अलवर**। बाड़मेर से पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में मानवेंद्र सिंह, उनका बेटा हमीर सिंह और ड्राइवर घायल हो गए हैं। हादसा मंगलवार शाम 5 बजे अलवर के नौगांवा के पास खुसपुरी में हुआ। घायलों को अलवर के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मानवेंद्र सिंह के बेटे हमीर सिंह के हाथ और नाक में फ्रेक्चर हुआ है। पूर्व सांसद के सीने की पसली टूटी है। फेफड़े में भी गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार स्पीड में थी, जो बाद में एक्सप्रेस-वे की दीवार से जा टकरा गई।

**स्पीकर देवनानी के रणनीतिक प्रयासों से गतिरोध हुआ समाप्त... पक्ष-विपक्ष को लिया विश्वास में**

## राज्यपाल का अभिभाषण धन्यवाद प्रस्ताव शांतिपूर्वक पारित




### विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश से ERCP पर सदन में हुई चर्चा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के रणनीतिक प्रयासों से सदन में चल रहा गतिरोध दूर हुआ और राज्यपाल के अभिभाषण पर मंगलवार को धन्यवाद प्रस्ताव शांतिपूर्वक पारित हो पाया। देवनानी की पहल से प्रतिपक्ष के सदस्य राज्यपाल अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव में शामिल हुए।

ईआरसीपी पर बहस होने के बाद प्रतिपक्ष के वेल में आने से सदन में गतिरोध हुआ। देवनानी ने कार्यवाही स्थगित कर प्रतिपक्ष के सदस्यों को अपने कक्ष में बुलाकर उन्हें विश्वासस में लिया और उनकी समस्याओं का समाधान कर धन्यवाद प्रस्ताव में प्रतिपक्ष को शामिल होने के लिये तैयार किया।

अध्यक्ष देवनानी ने प्रतिपक्ष की ईआरसीपी पर चर्चा की मांग को मानते हुए मंगलवार को सदन में आधे घंटे की चर्चा कराई गई। देवनानी के इस निर्णय की पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने सराहना की। उन्होंने दोनों पक्षों को अपने विश्वास में लेकर शांतिपूर्वक सदन का संचालन किया। उनकी पहल से सदन में गतिरोध दूर हुआ और सदन की गरिमा के अनुरूप राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित हो गया।

---

**पुलिस में मासिक टेस्ट बंद**

# मार्किंग के आधार पर पुलिस अफसरों की पोस्टिंग प्रणाली ठंडे बस्ते में

- हर माह जारी होती थी जिलों की रैंकिंग, जिससे होता था कामकाज का आकलन
- दुष्कर्म के केस सॉल्व करने पर प्लस और थाने में ट्रैप होने पर होती थी माइनस मार्किंग
- पुलिस मुख्यालय हर माह 18 मापदंडों के आधार पर जारी करता था जिलों के अफसरों की रैंकिंग

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

जयपुर। जनता से सीधा जुड़ाव करके आमजन को राहत देने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा शुरू किया गया 'मासिक टेस्ट' अफसरों के रिटायरमेंट के बाद ही कागजों में दफन हो गया। दरअसल, पुलिस मुख्यालय ने वर्ष 2013 में तत्कालीन डीजीपी ओमेन्द्र भारद्वाज ने पुलिस थानों व जिलों के अफसरों के कामकाज के आकलन के लिए कार्य मूल्यांकन योजना शुरू की थी। इस योजना का पूर्व डीजीपी कपिल गर्ग का प्रेजेंटेशन देख पीएम मोदी ने सभी राज्यों को इसी प्रणाली के आधार पर पोस्टिंग के निर्देश दिए थे। गर्ग के रिटायरमेंट के बाद यह प्रणाली बंद हो गई।

पुलिस मुख्यालय ने कामकाज के आकलन के लिए 18 मापदंड तय किए थे। इन मापदंड़ों के 100 अंक थे। इसके आधार पर हर माह रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा था और जिलों की रैंकिंग तय की जा रही थी। अंक निर्धारित करने की जिम्मेदारी एससीआरबी को दी गई थी, लेकिन चार साल से अफसर सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामी होने का बहाना बना रहे हैं।



### ऐसे होती थी माइनस मार्किंग

पड़ताल में सामने आया कि योजना के तहत दुष्कर्म के केस सॉल्व करने पर सबसे ज्यादा अंक मिलते तो थाने में ट्रैप की कार्रवाई होने या फिर किसी पुलिसकर्मी के निलंबन पर माइनस मार्किंग का प्रावधान था। ट्रैप की कार्रवाई होने पर माइनस 50 अंक और पुलिसकर्मी के निलंबित होने पर 20 अंक की माइनस मार्किंग की जा रही थी। दुष्कर्म व महिला अपराध का निस्तारण 15 दिन के भीतर करने पर सबसे ज्यादा 10 अंक मिलते थे। वहीं, महिला अपराधों का 60 फीसदी से ज्यादा निस्तारण नहीं करने पर भी माइनस मार्किंग की जा रही थी। इस मार्किंग के कारण जिलों व थानों में रैंकिंग में टॉप पर आने के लिए होड़ मचने लग गई थी, लेकिन अफसरों के रिटायरमेंट के बाद अफसरों ने निगरानी करना ही बंद कर दिया।

### कानून व्यवस्था बिगड़ने पर भी अंक निर्धारित

पुलिस व जनता की भागीदारी के लिए 5-5 अंक तय किए गए थे। सीएलजी मीटिंग नहीं होने पर 5 अंक की माइनस मार्किंग होती थी। वहीं कानून व्यवस्था को लेकर घटनास्थल पर एसपी-डीसीपी रैंक के अफसर के जाने पर 5 अंक और आईजी व कमिश्नर के पहुंचने पर 20 अंक की माइनस मार्किंग होती थी।

### लोगों के सत्यापन हो गए थे आसान

रिपोर्ट कार्ड में कागजों के सत्यापन का भी मापदंड तय किया गया था। सात दिन के भीतर सत्यापन होने पर थाने को 8 अंक दिए जाने और 80 फीसदी पेंडेंसी होने पर माइनस 10 अंक करने का प्रावधान था। सत्यापन के अच्छे अंक मिलने से कागजों का सत्यापन तय समय से पहले हो जाता था। इसका लोगों को भी फायदा मिल रहा था।

## जरूरी खबर

### पांडूपोल में 31 मार्च तक वाहनों का मुफ्त प्रवेश



**बेधड़क. जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के निर्देश पर वन विभाग की ओर से सरिस्का स्थित पांडुपोल हनुमान जी मंदिर में दर्शन के लिए मंगलवार व शनिवार के साथ पूर्णिमा एवं पाण्डुपोल एवं भर्तृहरि मेले के दौरान दो दिन निशुल्क प्रवेश रहेगा। अलवर और भिवाड़ी की सभी गाड़ियों के लिए 31 मार्च तक निशुल्क प्रवेश की अधिसूचना जारी की गई है।

### परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष किया स्थापित

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से शनिवार को संविदा नर्स सीधी भर्ती परीक्षा एवं संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सीधी भर्ती परीक्षा और रविवार को कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो 1 व 2 फरवरी को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कार्य करेगा। परीक्षा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 एवं मोबाइल नंबर 9680036082 रहेगा। यह जानकारी जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने दी।

### 'कुष्ठ जागरूकता अभियान' का किया शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** जिले में मंगलवार को 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का शुभारंभ हुआ। सेठी कॉलोनी स्थित मिनी स्वास्थ्य भवन से आमजन को जागरूक करने के लिए माईकिंग व शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. बी. एल. मीणा और सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने माईकिंग ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद समस्त स्टाफ को कुष्ठ रोग जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. इंद्रा गुप्ता (प्रथम), डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल (द्वितीय) जिला आईईसी समन्वयक कपिल (प्रथम), अनिल शर्मा (द्वितीय) सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**श्रमिकों को साधने में जुटी भजनलाल सरकार, एक फरवरी से शिविर लगाकर किया जाएगा लाभान्वित**

# मजदूरों को अब मिलेगा ई-श्रम और मानधन योजना का लाभ

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार लोकसभा चुनावों से पहले श्रमिक वर्ग को साधने में जुट गई है। इसके तहत प्रदेश का श्रम विभाग श्रमिकों के लिए अपनी योजनाओं के साथ-साथ केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रचार करेगा।

इसके लिए श्रम विभाग 100 दिवसीय कार्ययोजना में श्रमिकों के लिए केंद्र सरकार की दो योजनाओं एक ई-श्रम कार्ड और दूसरी प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना पर फोकस बनाए हुए है। इसके लिए श्रम विभाग एक फरवरी से हर पंचायत समिति पर विशेष कैंप लगाएगा। इसमें श्रम विभाग की योजनाओं के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए केंद्र की योजनाओं से श्रमिकों को जोड़ा जाएगा। रौचक बात ये भी है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रम विभाग के लिए कोई मंत्री नहीं लगाया है। बल्कि इस विभाग का जिम्मा खुद अपने कंधों पर रखा है। प्रदेश में इस विभाग के लिए जो भी योजनाएं बनेगी उसमें सीधा जुड़ाव विभाग के मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का रहेगा। प्रदेश सरकार असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों को भी भाजपा से जोड़ने के लिए योजनाओं में मामूली परिवर्तन कर इस वर्ग को खुश करने में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयपुर दौरे के दौरान उनके सामने ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इंदिरा रसोई का नाम परिवर्तन कर अन्नपूर्णा रसोई कर दिया था।

साथ ही खाने की थाली में पहले मिल रही 450 ग्राम मात्रा को बढ़ाकर 650 ग्राम कर दिया गया। पहले योजना में दी जा रही रोटी, दाल व सब्जी के साथ अब चावल या खिचड़ी भी जोड़ी गई है। साथ ही मोटे अनाज के आहार भी देने की घोषणा कर दी गई। ऐसे में साफ है भजनलाल सरकार हर वर्ग को जोड़कर चुनावों में फायदा लेने की जुगत बिठा रही है।




### 25 लाख ई-श्रम कार्ड बनाने का लक्ष्य

श्रम विभाग को सरकार ने ई-श्रम कार्ड योजना और प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के जरिए असंगठित क्षेत्रों के ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत श्रम विभाग को 100 दिवसीय कार्य योजना में 25 लाख से ज्यादा ई-श्रम कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया है। हालांकि अभी सवा लाख के करीब ही कार्ड बन पाए हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में 50 हजार से ज्यादा लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है।

### यह है ई-श्रम कार्ड के फायदे

ई-श्रम कार्ड योजना से मजदूरों के डाटा जुटाकर योजनाएं तैयार की जा रही है। इसमें 12 अंकों का एक यूनिक नंबर मिलेगा। यह कार्ड कोई भी असंगठित क्षेत्र का मजदूर जिसका पीएफ व ईएसआई नहीं कट रहा हो वह बनवा सकता है। कार्ड बनवाने पर 2 लाख का दुर्घटना बीमा मिलेगा। वहीं श्रम विभाग की तरफ से वर्तमान में बनाया जा रहा मजदूरी कार्ड भी ई-श्रम कार्ड से जोड़ा जाएगा। इससे योजनाओं के दुरुपयोग पर नजर रखी जा सकेगी।

### श्रमयोगी मानधन योजना से जुड़ने पर मिलेगी पेंशन

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना असंगठित श्रमिकों की वृद्धावस्था सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के लिए है। इसकी पात्रता 18 से 40 वर्ष के बीच की रहेगी। वहीं मासिक आय 15 हजार रुपए तक रहनी चाहिए। इसके 60 साल बाद श्रमिकों को 3 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी।

**विधानसभा में गूंजे ERCP और CM को धमकी के मुद्दे**

# सदन में विपक्ष ने उठाए सवाल, सरकार को घेरा

बेधड़क | जयपुर

राजस्था जयपुर। राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को जहां कांग्रेस के आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने मुख्यमंत्री को धमकी मिलने का मामला उठा दिया और प्रदेश की जेलों में कमजोर व्यवस्था पर सवाल उठाए। वहीं, ईआरसीपी को लेकर विधानसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए मध्य प्रदेश के साथ हुए एमओयू पर सवाल उठाए। कांग्रेस व निर्दलीय विधायकों ने आरोप लगाया कि राजस्थान के हितों पर कुठाराघात हुआ है।

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल की शुरुआत होते ही खान ने जयपुर की सेंट्रल जेल में कुल पुरुष और महिला कैदियों की संख्या और उनकी कैपेसिटी की जानकारी मांगते हुए राजस्थान सरकार से पूछा कि क्या ये सही है कि प्रदेश के जेल असुरक्षित हो गए हैं? और वहां कैदियों को हर ऐशो आराम की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है? मोबाइल फोन, जिससे मुख्यमंत्री तक को धमकी मिल जाती है, उसे रोकने के लिए आपने क्या इंतजाम किए हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि यह सही है कि कई अपराधी जेलों में भी प्रतिबंधित होने के बावजूद मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे घटनाक्रम को रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को पुलिस की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया है।



### ERCP को लेकर नारेबाजी...



पीसीसा चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने ईआरसीपी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अभी भी इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि परियोजना खर्च में केंद्र-राज्य का अनुपात 90:10 का होगा, लेकिन वे ये कैसे करेंगे यह भी अभी साफ नहीं है। आप राजस्थान के लोगों के साथ अन्याय नहीं कर सकते, लेकिन इस एमओयू में मुख्यमंत्री को तो कुछ पता ही नहीं है। जल शक्ति मंत्री राजस्थान के हैं, लेकिन उन्होंने भी राजस्थान के हितों का ध्यान नहीं रखा है। प्रदेश को साल 2017 की डीपीआर के मुताबिक जो पानी मिलना चाहिए था, उतना पानी अब हमें नहीं मिलेगा। इस मुद्दे पर बोलते हुए निर्दलीय विधायक यूनुस खान ने मध्यप्रदेश से हुए एमओयू और राजस्थान के हितो को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि अगली पीढ़ी बीजेपी को माफ नहीं करेगी।

### ERCP पर केंद्र ने निकाला सही रास्ता



ईआरसीपी को लेकर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि साल 2015 से किसी योजना को राष्ट्रीय घोषित नहीं किया है, लेकिन केंद्र सरकार ने बहुत अच्छा रास्ता निकाला है। आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग ने कहा कि सदन में ईआरसीपी की एमओयू की कॉपी भी नहीं रखी गई है। इस एओयू से 3,500 से एमसीएफ पानी मिलेगा क्या? हनुमान बेनीवाल ने कहा कि एस एमओयू से सिर्फ पीने का पानी आएगा। निर्दलीय विधायक यूनुस खान ने कहा कि इसकी एक कार्यशाला तो करवा दो, ताकि लोगों को पता चल सके की ईआरसीपी है क्या? उन्होंने कहा कि किरोड़ी लाल मीणा को सोने के पिंजरे में बंद कर रखा था, नहीं तो आज यह शेर दहाड़ता। एमओयू में कहीं नहीं लिखा कि राजस्थान को कितना पानी मिलेगा। पूर्वी राजस्थान के लोग सिंचाई के लिए पानी का सपना देखना बंद कर दे।

### जेलों में कैपेसिटी से ज्यादा कैदी



राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने सदन में कहा, 'जयपुर सेंट्रल जेल की कुल कैपेसिटी 1173 कैदियों की है, इनमें से 406 कैदी ऐसे हैं जिन्हें कोर्ट द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है। वहीं 1181 कैदी ऐसे हैं, जिनका केस अभी भी अंडर ट्रायल है। इसीलिए शालावास में 700 कैदियों के लिए अतिरिक्त सुविधा मिल रही है। उनमें से 340 अभी वहीं हैं, जबकि 64 कैदी सेंट्रल जेल से वहां गए हैं। सेंट्रल जेल में महिला कैदियों की संख्या 95 है, वहीं पुरुष कैदियों की संख्या 499 है।'

### जिला जेल में शिफ्ट होंगे कैदी

चिकित्सा मंत्री ने कहा, 'मैं बताना चाहता हूं कि पूर्ववती सरकार ने हाल ही में 19 जिले बनाए हैं, जिनमें डिस्ट्रिक्ट जेल बनाने का कार्य जारी है, जैसे ही ये कार्य पूरा हो जाएगा, कैदियों को सेंट्रल जेल से डिस्ट्रिक्ट जेलों में शिफ्ट किया जाएगा।' बता दें, जिस दिन मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी गई थी। उसी दिन राज्य सरकार ने दो जेल वार्डन अजय सिंह राठौड़ और मनीष कुमार को निलंबित कर दिया था। वहीं, कार्यवाहक जेल अधीक्षक ओमप्रकाश को भी निलंबित कर दिया गया था।

**रोडवेज की 305वीं बोर्ड बैठक**

# बिना टिकट यात्री मिला तो कंडक्टर पर कार्रवाई: श्रेया

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश में रोड़वेज बसों में अब बिना टिकिट यात्रा करवाए जाने पर परिचालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उड़न दस्तों के निरीक्षण के परिणामों पर नजर रखी जाएगी। यह निर्देश रोड़वेज की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने मंगलवार को रोड़वेज की 105वीं बोर्ड बैठक में दिए।

बैठक में दानदाता, भामाशाह एवं आद्यौगिक संस्थानों की ओर से बस अड्डों पर निर्माण कार्यो में सहयोग संबंधि प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उन्होंने निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए गैर संचालन आय के विकल्प तलाशने के साथ ही रोडवेज बस स्टैंड के रख-रखाव के लिए पॉलिसी बनाने एवं निगम की सेवा में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में ऑल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) फंड का प्रबंधन व़िद्युत कम्पनियों की तर्ज पर ट्रस्ट के माध्यम से करने के निर्देश दिए। साथ ही इसके साथ ही बस बेडे के अधिकतम उपयोग के साथ राजस्व वृद्धि के निर्देश दिए। इस बैठक में वित्त विभाग के शासन सचिव नरेश कुमार ठकराल, रोडवेज के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अविनाश शर्मा, निगम की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) अनीता मीना सहित उच्चाधिकारी मोजूद रहें।

### बापू को श्रद्धासुमन अर्पित



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर मंगलवार सुबह शासन सचिवालय स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।*

**पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बदलेगा मौसम का मिजाज**

# प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश की संभावना, जारी किया अलर्ट

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बुधवार को एक बार फिर मौसम की मिजाज बदला हुआ नजर आएगा। मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बुधवार को उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, अलवर जिलों और आस-पास के क्षेत्रों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा शेष भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम केन्द्र के अनुसार 3 और 4 फरवरी को राज्य में एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

इसके प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश में शीतलहर का असर थोड़ा कम हुआ है लेकिन अब भी कुछ स्थानों पर घना कोहरा आमजन को परेशान कर रहा है।

मौसम केंद्र ने अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, चूरू और हनुमानगढ़ जिले के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

### गलनभरी सर्दी से मिली राहत

प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन और रात में पारा सामान्य या उससे अधिक दर्ज हो रहा है। जिसके चलते मौसम शुष्क रहने और गलनवाली सर्दी से आंशिक राहत मिल रही है। हालांकि सुबह शाम में अब भी मौसम का मिजाज सर्द रहा है।

**अगले माह से जयपुर से होगी शुरुआत**

# मोबाइल एप से होगी टंकियों की सफाई की मॉनिटरिंग

बेधड़क | जयपुर

जलदाय विभाग में अब टंकियों की सफाई की मॉनिटरिंग मोबाइल एप के माध्यम से होगी। इसके लिए फरवरी माह से पायलट बेसिस पर जयपुर से ही इसकी शुरूआत की जाएगी।

विभाग के मुख्य अभियंता (शहरी) के. डी. गुप्ता को इसका नोडल ऑफिसर बनाया गया है। साथ ही नए नल कनेक्शन आवेदन के सात दिन में जारी करने के लिए राजनीर पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। जलदाय विभाग के शासन सचिव समित शर्मा ने यह निर्देश विभागीय बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए ली गई इस बैठक में डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिक से अधिक उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जलदाय विभाग के अधिकांश कार्यों को पोर्टल के माध्यम से करने के संबंध में अतिरिक्त निदेशक, सूचना प्रोद्योगिकी राजेश गुप्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जलदाय विभाग में शासन सचिव डॉ. समित शर्मा के आने के बाद ऑनलाइन सिस्टम के अधिक प्रभावी उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। शासन सचिव समित शर्मा ने विभाग में डिजिटल लाइब्रेरी एवं डॉक्यूमेंटेशन स्थापित करने, मेटेरियल मेनेजमेंट मॉड्यूल को जेईएन स्टोर तक लागू करने तथा विधानसभा प्रश्नों के लिए एनआईसी द्वारा तैयार एप डीआरईएमएस (ड्रीम्स) लागू करने एवं विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।



### ऑनलाइन होगा कॉन्ट्रेक्टर्स का रजिस्ट्रेशन

विभाग में कॉन्ट्रेक्टर्स का रजिस्ट्रेशन, फर्म का नवीनीकरण आदि प्रक्रिया अब सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विकसित पोर्टल के माध्यम से होगा। फिलहाल पीडब्लूडी में कॉन्ट्रेक्टर्स के रजिस्ट्रेशन, एम्पेनलमेंट सहित समस्त कार्य इसी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे हैं।

### स्काडा सिस्टम को बनाएंगे प्रभावी

डॉ. शर्मा ने जलधारा कमांड सेंटर की कार्य प्रणाली एवं स्काडा सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बल्क वाटर ट्रांसमिशन सिस्टम की स्काडा द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग करने, वॉटर ऑडिटिंग कर छीजत कम करने के निर्देश दिए। इसके लिए अधिकारियों की कमेटी भी गठित की गई है। मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल इसके नॉडल ऑफिसर होंगे। यह कमेटी स्काडा सिस्टम को प्रभावी बनाने एवं डेटा शेयरिंग पर रिपोर्ट तैयार करेगी।

# आवासीय स्कूलों में बच्चों को केंद्र में रखकर हों काम

बेधड़क | जयपुर

अल्पसंख्यक विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में 100 दिनों की कार्ययोजना, सरकार के संकल्प पत्र में संबंधित विभागीय बिंदुओं की उपलब्धि आदि समीक्षा की।

विशाल ने कहा कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में चाइल्ड सेंट्रिक एप्रोच के साथ काम किया जाए। बच्चों के प्रति उनका व्यवहार अच्छा हो और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों को पूरा करें। शासन सचिव ने कहा कि अन्य राज्यों एवं अन्य देशों में अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजना एवं ढांचे का अध्ययन आवश्य करें ताकि प्रदेश में भी अल्पसंख्यक समाज को मजबूत किया जा सके। विशाल ने जिलों में कानून व्यवस्था एवं वक्फ की जमीनों के बारे में जानकारी लेते हुए वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जे करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण करने वालों के तत्काल प्रकरण पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चार्तुमास में जैन साधु-साध्वियों के लिए माकूल व्यस्था करने को कहा।

## जरूरी खबर

### राष्ट्रपति मुर्मू 14 फरवरी को आएंगी राजस्थान दौरे पर



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के जल्द ही दौसा के मेहंदीपुर बालाजी दर्शन के लिए आने की संभावना है। हालांकि अभी इस मामले में राष्ट्रपति भवन की तरफ से कोई कंफर्मेशन लेटर जिला प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। दौसा जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का दौसा जिले में संभावित दौरा अभी तक फिक्स नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके एक-दो दिन में टाइम फिक्स होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक आगामी 14 फरवरी को राष्ट्रपति मुर्मू राजस्थान के दौरे पर आने की संभावना है। राष्ट्रपति विश्व विख्यात सिद्धपीठ बालाजी महाराज के दर्शन के लिए मेहंदीपुर बालाजी जा सकती है। राष्ट्रपति के बालाजी महाराज के दर्शनों के साथ आरती में शामिल होने का भी कार्यक्रम है।

### शहीद दिवस पर रखा गया 2 मिनट का मौन



**जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा गया। जिला कलक्ट्रेट परिसर में सुबह 11 बजे से 11 बजकर 02 मिनट तक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी सामूहिक मौन में मौजूद रहे।

---

**जेडीए के बाद सुधांश पंत का कलेक्ट्रेट में औचक निरीक्षण, पेंडिंग फाइलों की फोटो खींची**

# जयपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे मुख्य सचिव, गैरहाजिर मिले अधिकारी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण के बाद मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को जयपुर संभागीय आयुक्त ऑफिस और जयपुर कलेक्ट्रेट कर अधिकारियों-कर्मचारियों को फिर हैरत में डाल दिया।

आराम से ऑफिस आने वाले अधिकारी-कर्मचारी निरीक्षण की सूचना मिलने के साथ भागते-दौडते हुए दफ्तर पहुंचे। सुबह 9.20 बजे से 10.10 बजे तक मुख्य सचिव पंत ने जयपुर संभागीय आयुक्त ऑफिस, राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ऑफिस पहुंचकर विजिट किया।

एक सप्ताह पहले जयपुर जेडीए में औचक निरीक्षण के बाद आज मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर संभागीय आयुक्त ऑफिस, राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ऑफिस निरीक्षण किया। दौरे के दौरान साफ-सफाई नहीं होने, चैंबरों में फाइलों का ढेर, कोर्ट में राजस्व मामलों का निस्तारण नहीं होने पर नाराजगी जताई।



### संभागीय आयुक्त और स्टाफ नदारद

चीफ सेकेट्री ने संभागीय आयुक्त और जयपुर कलेक्ट्रेट में एक-एक अधिकारियों के चैंबर और अलग अलग सेक्शन में पहुंचकर उपस्थिति और उनके टेबिल पर रखी फाइलों को देखा। सबसे पहले सुबह 9.20 पर सीएस सुधांश पंत मिनी सचिवालय स्थित संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले संभागीय आयुक्त के पीए सेक्शन रूम नंबर 101 का निरीक्षण किया। उन्होंने पीए सेक्शन में फाइलों को देखा उनकी फोटो खींची। उसके बाद संभागीय आयुक्त चैंबर और कोर्ट सेक्शन में पहुंचे। जहां उन्हे जमीन पर फाइलें बिखरी हुई नजर आईं। इस दौरान संभागीय आयुक्त आरूषि मलिक और उनका स्टॉफ उपस्थित नहीं मिला। उसके बाद मुख्य सचिव मिनी सचिवालय में पहली मंजिल पर राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ऑफिस पहुंचे वहां भी ऑफिस समय तक कोई नजर नहीं आया। उसके बाद सुबह 9.30 बजे सीधे मिनी सचिवालय से जयपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस में अचानक मुख्य सचिव के पहुंचते ही कर्मचारियों-अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के साथ ही आराम से ऑफिस आने वाले अधिकारी-कार्मिक भागते-दौड़ते हुए दफ्तर पहुंचते हुए नजर आए। दौरे के दौरान सीएस ने कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलक्टर, एसडीएम, तहसीलदार के चैंबर को खुद जाकर देखा। जहां अधिकांश अधिकारी तो मौके पर मिले। लेकिन कर्मचारियों की सीट खाली मिली।

### वर्क पेंडेंसी पर मौन रहे अफसर

निरीक्षण के दौरान कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित एडीएम भी मौजूद रहे। जयपुर तहसीलदार के ऑफिस में फाइलों और पत्रवालियों को देखा। तहसीलदार की टेबल पर करीब बीस से ज्यादा पत्रवालियां रखी नजर आईं। इसके बाद सीएस सीधे राजस्व अपील अधिकारी की कोर्ट में पहुंचे जहां उन्होंने फाइलों को देखा। उस दौरान आरएए (राजस्व अपील अधिकारी) रामावतार गुर्जर अपने चैंबर में मौके पर नहीं मिलने पर सीएस ने उनके स्टाफ से जानकारी ली। उनके यहां भी फाइलों की पेंडेंसी दिखी, जिसकी मुख्य सचिव ने फोटो ली। मुख्य सचिव ने टेबलों पर फाइलों का ढेर देखकर कारण पूछा। पेंडेंसी को लेकर अधिकारियों से जवाब नहीं बन पाया। ऐसे में मुख्य सचिव ने फाइलों की पेंडेंसी को लेकर कलक्टर को टाइमलाइन तय करने के निर्देश दिए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

---

**इंडिया स्टोनमार्ट के 12वें संस्करण का आयोजन कल से**

# जयपुर में सजेगा पत्थरों का संसार, जुटेंगे 411 एग्जीबिटर्स

■ प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे: राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

स्टोन इंडस्ट्री की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी इंडिया स्टोनमार्ट के 12वें संस्करण का आयोजन एक फरवरी से होने जा रहा है। जिसमें प्राकृतिक पत्थरों, सहायक उत्पादों और सेवाओं को एक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन स्टोन इंडस्ट्री के विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों और उपभोक्ताओं को एक साथ लाएगा। साथ ही खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, आर्किटेक्ट्स, बिल्डरों, डेवलपर्स और कॉरपोरेट्स आदि एक छत के नीचे दिखेंगे। इंडिया स्टोनमार्ट-2024 स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरर्स, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने और उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा। इसकी शुरुआत 1 फरवरी को सुबह 11 बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेन्टर (जेईसीसी) सीतापुरा में होगी। यह अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन 1 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित होगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदेश के समृद्ध पत्थर उद्योग को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में कामयाब साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की राह खुलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है।




### राजस्थान के उत्कृष्ट पत्थरों का प्रदर्शन

मंत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 411 एग्जीबिटर्स में से तुर्की से 68, ईरान एवं इटली से 5-5, अमेरिका से 2, वियतनाम, स्पेन-रूस-इथोपिया-चीन से एक-एक, कुल 85 विदेशी एग्जीबिटर्स तथा देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 326 एग्जीबिटर्स शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 198 पत्थर उद्यमी, 195 टूल्स-मशीनरी उद्यमी, 18 संस्थागत व सेवा संबंधी एग्जीबिटर्स भाग लेंगे एवं अपने उत्पादों को दर्शाएंगे। स्टोनमार्ट में इस बार तुर्की, ईरान, ईटली के विदेशी मंडप एवं गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक एवं झारखंड राज्य के मंडप भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट में विशेष रूप से (स्टोन ऑफ राजस्थान गैलरी) बनाई गई है। जिसमें राजस्थान के उत्कृष्ट पत्थरों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### शिल्पग्राम भी सजाया जाएगा

सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडॉस) के तत्वावधान में आयोजित स्टोन मार्ट में अयोध्या के राम मंदिर के साथ अन्य भव्य भवनों की जानकारी भी मिलेगी। भवनों को बनाने से लेकर उनके पत्थरों की जानकारी भी वहां मिल सकेगी और आमजन भी कुछ विशेष समय में जाकर कलाकारों से रूबरू होंगे और शिल्पग्राम सजाया जाएगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव व रीको अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मार्बल, ग्रेनाइट, सैंड स्टोन, कोटा स्टोन, स्लेट, क्वार्ट्ज, पत्थर खनन एवं प्रसंस्करण मशीनरी, उपकरण, खनन के लिए भारी मशीनरी और पत्थर की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

---

**लालच देकर फंसाया**

# शेयर बाजार में इनवेस्ट के नाम पर सवा करोड़ की ठगी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में शेयर बाजार में निवेश कराने के नाम पर सवा करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने खुद के फ्लैट में किराए पर रहने वाले एक ही परिवार के 3 लोगों पर ठगी का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसकी फ्लैट में रहने वाले हिमांशु सिंह, उसके पिता कुशाल और बहन प्राची ने उसे शेयर मार्केट में निवेश कराने का झांसा दिया। झांसे में आकर उसने आरोपियों के खाते में सवा करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए।

अब आरोपी न तो पैसा लौटा रहे हैं और न ही शेयर के बारे में जानकारी दे रहे हैं। पीड़ित ने एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज कराया है। सीआई ममता मीणा ने बताया कि थाना इलाके में स्थित बी-105, शिवज्ञान कासा प्राइम में रहने वाले योगेश मिश्रा ने रिपोर्ट दी है। योगेश मिश्रा ने बताया- उसके फ्लैट में रहने वाले हिमांशु सिंह और उसके पिता-भाई ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया।

उसने आरोपियों को निवेश के लिए सवा करोड़ रुपए दे दिए, लेकिन अब तीनों लोग उसका पैसा देने से इनकार कर रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### खुद के खाते में डलवाया पैसा

योगेश मिश्रा ने बताया कि उसका डिमेट अकाउंट नहीं है। इस पर बदमाशों ने खुद के खाते में पैसा डलवाकर निवेश करने की बात कही थी। हिमांशु को शेयर मार्केट की अच्छी जानकारी थी। हिमांशु के साथ ही उसके पिता कुशाल और उसकी बहन प्राची ने मुझे झांसा दिया कि शेयर में निवेश कर अच्छा पैसा कमाया जा सकता है। हिमांशु ने कहा- आप पैसा लगाओ मैं आपका अच्छे शेयरों में इन्वेस्ट करूंगा। उसने कहा कि आप तो मेरे बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करते रहना।

---

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

---

**अवैध रिफिलिंग सेंटर पर रसद विभाग की बड़ी कार्रवाई**

# ऑटो में घरेलू गैस सिलेंडरों से भरी जा रही थी गैस, दो वाहन जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

जिला रसद अधिकारी जयपुर शहर शशि शेखर शर्मा के निर्देशन में प्रवर्तन जांच दल ने जयपुर में एक अवैध रिफिलिंग सेंटर पर कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिसके तहत टीम ने हटवाड़ा रोड, एसबीआई बैंक के पास में एक दुकान पर छापा मारा। मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में गैस भरी जा रही थी। प्रवर्तन अधिकारी सरोज मीणा के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम देते हुए टीम ने मौके से 18 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जिनमें से 15 गैस सिलेंडर भरे हुए जबकि 3 गैस सिलेंडर खाली थे। टीम ने मौके से 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर एवं 2 ऑटो भी जब्त कर आरोपी के खिलाफ सदर थाने में परिवाद दर्ज करवाया है।



---

**विधानसभा में बोले- पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत**

# पशु चिकित्सा केन्द्रों की कमियां करेंगे दूर

**बेधड़क** | जयपुर

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि वर्ष 2023 में तत्कालीन सरकार के समय 2 हजार 639 पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोलने की घोषणा की गई थी, जिसमें से 900 उप केन्द्र ही खोले गए। पशु चिकित्सा उप केन्द्रों को खोलने एवं इन्हे पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत करने की घोषणाओं में भवन निर्माण के प्रावधान नहीं किए गए हैं। राज्य सरकार बजट एवं भवन आदि की कमियों को दूर करते हुए इस संबंध में प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करेगी। पशुपालन मंत्री मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारियों के 900 पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया पर न्यायालय की रोक है। इसके हटते ही भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।



उन्होंने कहा कि पशु परिचर के 5934 पदों पर सीधी भर्ती के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा संशोधित विज्ञप्ति जारी कर 19 जनवरी 2024 से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इससे पहले विधायक रोहित बोहरा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कुमावत ने विधानसभा क्षेत्र राजाखेड़ा में पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत एवं क्रमोन्नत पशु चिकित्सा संस्थाओं का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में 23 नवीन पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोले गए तथा 1 पशु चिकित्सा उप केन्द्र को पशु चिकित्सालय, 2 पशु औषधालय को पशु चिकित्सालय में एवं 1 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय से बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत किए गए।

---

**जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक**

# अवैध खनन के खिलाफ सरकार की सख्ती, 15 दिन में 71 कार्रवाई की

## अभियान के तहत 24,939 टन खनिज जब्त, 26.31 लाख का जुर्माना वसूला

**बेधड़क** | जयपुर

अवैध खनन, अवैध निर्गमन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले में संयुक्त जांच दल का अभियान जारी है। अभियान के तहत 15 जनवरी से अब तक संयुक्त जांच दल ने 71 जगह कार्यवाहियों को अंजाम दिया है।

जिसमें 24 हजार 939 टन खनिज जब्त किया गया है वहीं, 26 लाख 31 हजार का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही, अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 59 वाहनों को भी जब्त किया है। मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने अवैध खनन के खिलाफ और प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि 15 जनवरी से अब तक जयपुर ग्रामीण जिले में संयुक्त जांच दल ने 17 अवैध खनन, 34 अवैध निर्गमन एवं अवैध भंडारण के 9 सहित कुल 60 प्रकरण बनाए गए हैं।



### जयपुर ग्रामीण में 49 वाहन जब्त

अभियान के तहत जयपुर ग्रामीण में 24 हजार 801 टन खनिज जब्त किया गया है एवं 49 वाहन जब्त किए गए हैं साथ ही 24 लाख 93 हजार जुर्माना राशि वसूल की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर में 15 जनवरी से 30 जनवरी तक अवैध निर्गमन के 10 एवं भंडारण के एक प्रकरण सहित कुल 11 प्रकरण बनाए गए हैं। कार्यवाही के दौरान 10 वाहन जब्त करते हुए 1 लाख 38 हजार की विभागीय शास्ती के साथ साथ 1 लाख की पर्यावरण क्षतिपूर्ति वसूल की गई है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा, उपवन संरक्षक सागर प्रताप, मनफूल विश्नोई, जयपुर विकास प्राधिकरण के केएल शर्मा, जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी के सदस्य सचिव श्रीकृष्ण शर्मा सहित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**जरूरी खबर**

### श्याम बाबा के दर पहुंचे कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद



**सीकर।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत मंगलवार को खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंचे। राज्यपाल ने श्याम बाबा के दर्शन कर देश में खुशहाली की कामना की। श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व मंत्री श्याम सिंह चौहान ने राज्यपाल को पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद राज्यपाल कमेटी कार्यालय पहुंचे, जहां कमेटी की ओर से राज्यपाल को श्याम दुपट्टा, श्याम बाबा की तस्वीर व चांदी का निशान भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल ने कमेटी परिसर के सदस्यों से वार्ता की। इसके बाद राज्यपाल सालासर के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुए।

### घने कोहरे के बीच ट्रक-बस भिड़े, 15 लोग घायल

**अलवर।** घने कोहरे के चलते अलवर-भरतपुर मार्ग पर जालूकी व भुराका के बीच एक रोडवेज बस की ट्रक से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बस में सवार 15 सवारियां घायल हो गई। वहीं चालक और परिचालक को भी चोट आई है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बड़ौदा मेव थाना पुलिस व नगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बस में फांसी सवारियों को एक-एक कर बाहर निकाला। घायलों को गोविंदगढ़ सीएचसी व बड़ौदा मेव हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जो सावरियां कम घायल हुई, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### कलेक्टर ने किया एमडीएम हॉस्पिटल का निरीक्षण



**जोधपुर।** जिले में प्रशासन चिकित्सा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में मंगलवार को एक बार फिर कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने हॉस्पिटल के टॉयलेट में सफाई नहीं मिलने पर अधिकारियों को नियमित सफाई करवाने का आदेश दिया। उन्होंने हॉस्पिटल परिसर में हो रहे निर्माण के कामों को भी देखा। वहीं ठेकेदार से काम के प्लान के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान एमडीएम हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ.नवीन किशोरिया सहित हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर मौजूद थे।

**एयरफील्ड एनवायर्नमेंट प्रबंधन समिति की बैठक में** जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

# पक्षी मुक्त बनेगा किशनगढ़ एयरपोर्ट के आस-पास का क्षेत्र

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के किशनगढ़ एयरपोर्ट से संबंधित एयरफील्ड एनवायर्नमेंट प्रबंधन समिति (एईएमसी) की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

कलेक्टर दीक्षित ने कहा कि किशनगढ़ एयरपोर्ट पर शीघ्र ही फ्लाइंग स्कूल की गतिविधियां आरंभ होने वाली हैं। इसके लिए पक्षी मुक्त क्षेत्र बनने पर चर्चा की गई। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि एयरफील्ड एनवायर्नमेंट प्रबंधन समिति की बैठक में किशनगढ़ एयरपोर्ट को पक्षी मुक्त क्षेत्र बनने पर चर्चा की गई। यहां जल्द ही फ्लाइंग स्कूल की गतिविधियां शुरू की जाएंगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि हवाई अड्डे से 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाली सभी मांस की दुकानों के जैविक अपशिष्ट का नियमानुसार निस्तारण करने के लिए दुकानदारों को पाबंद किया जाए।

साथ ही भोज्य पदार्थों के अपशिष्ट को खुले में नहीं फेंकने के लिए भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकान पर डस्टबिन आवश्यक रूप से रखा जाना चाहिए। ये डस्टबिन दिन में दो बार खाली होने चाहिए। स्थानीय निकाय को क्षेत्र में मांस की दुकानों और खुले भोज्य पदार्थों को फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



#### शीघ्र शुरू होगा कचरा निस्तारण प्लांट

कलेक्टर ने कहा कि नगर परिषद किशनगढ़ द्वारा कचरा निस्तारण प्लांट का कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि कचरे का पृथक्करण कर उपयोग में लिया जाए। हवाई अड्डे के आस-पास के क्षेत्र में स्थित पोल्ट्री फार्म का चिह्नीकरण कर मृत मुर्गियों का निस्तारण सही तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। पोल्ट्री फार्म की गंदगी का निस्तारण समय पर किया जाना चाहिए। हवाई अड्डे की चारदीवारी के पास स्थित पेड़ों की टहनियों की छंटाई की जाएगी।

#### नियमित एयरफील्ड सर्वे के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि खंभों के अनुसार झाड़ियों का चिह्निकरण कर छंटाई की जाए। वन विभाग और पक्षी सर्वे दल की ओर से नियमित एयरफील्ड सर्वे किया जाए। हवाई अड्डे की सीमा से 200 मीटर के क्षेत्र में नए रेस्टोरेंट के निर्माण को रोका जाए। अजमेर विकास प्राधिकरण और किशनगढ़ नगर परिषद बिना अनुमति खुले रेस्टोरेंट पर कार्रवाई करेंगे। बैठक में विमानपत्तन निदेशक बीएल मीणा, उप महाप्रबंधक दीपक कुमार जैन, सहायक महाप्रबंधक केआर मीणा, उपखंड अधिकारी सुनील कुमार चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**विधानसभा चुनाव के बाद पूर्व सीएम** पहली बार पहुंचीं झालावाड़

# राजे ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ, जीत का दिया मंत्र

**बेधड़क** | झालावाड़

विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार तीन दिवसीय दौरे पर झालावाड़ पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंगलवार को चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। इसके साथ ही राजे ने झालरापाटन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भी दौरा किया और विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जिले के रुके हुए विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

उन्होंने झालावाड़ के राधा रमन मांगलिक भवन में स्थापित किए गए लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। वसुंधरा राजे ने वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित भी किया। इस दौरान राजे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। झालावाड़-बारां लोकसभा सीट पर बीते 35 वर्षों से भाजपा का एकाधिकार रहा है, जिसे आगे भी कायम रखा जाएगा। भाजपा एक बार फिर झालावाड़-बारां लोकसभा सीट पर जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि वह अपने सामने क्षेत्र में चौथी पीढ़ी को देख रही हैं और इसी कारण आज वह बैठकर अपना संबोधन दे रही हैं तथा उनके पुत्र दुष्यंत खड़े होकर संबोधन दे रहे हैं।



#### लगाया श्रीराम का जयकारा

चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने मंच से जय श्रीराम का जयकारा लगाकर लोकसभा चुनाव का शुभारंभ किया। कार्यालय के उद्घाटन के दौरान उनके साथ उनके पुत्र तथा झालावाड़-बारां से लोकसभा सांसद दुष्यंत सिंह, प्रभारी छगन माहुर, पूर्व विधायक नरेंद्र नागर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### हम सब पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता: दुष्यंत

चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। हम सब पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता हैं, उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री की ओर से दिखाए गए रास्ते पर चलेंगे।

#### पूर्व मंत्री चांदना के घर पहुंचीं पूर्व सीएम

झालावाड़ से जयपुर जाते समय वसुंधरा राजे बूंदी में रुकीं, जहां उन्होंने पूर्व मंत्री और हिंडोली से कांग्रेस विधायक अशोक चांदना के घर पहुंचकर चांदना के पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। राजे के साथ सांसद दुष्यंत सिंह, पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले वसुंधरा राजे ने बूंदी शहर के देवपुरा वार्ड पार्षद हरिशंकर सैनी के पिता के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की।

**बिलों के भुगतान की ऐवज** में मांगी रिश्वत

## एमबीएस अस्पताल का नर्सिंग ऑफिसर दस हजार की घूस लेते धरा

**बेधड़क** | कोटा

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को एमबीएस अस्पताल के नर्सिंगकर्मी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नर्सिंगकर्मी संवेदक के बिलों का भुगतान करवाने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। पुलिस ने आरोपी नर्सिंगकर्मी मंजूर अली से रिश्वत की रकम बरामद कर ली।

एसीबी कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि कपूर ट्रेडिंग कंपनी के मालिक ने उन्हें शिकायत दी थी कि उनका एमबीएस अस्पताल में उपकरणों की मरम्मत, रिपेयरिंग व मशीनरी पाट्र्स सप्लाई की थी। यह कार्य वर्कशॉप के जरिए चलता है। उनके कई बिल इस मामले में बकाया चल रहे थे, जिनका भुगतान करवाने की एवज में वर्कशॉप के इंचार्ज के रूप में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मंजूर अली पैसे की मांग कर रहे हैं। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद सोमवार को सत्यापन करवाया। इस दौरान आरोपी मंसूर अली ने परिवादी से 15 हजार की डिमांड की थी। वहीं सत्यापन के दौरान आरोपी ने 5 हजार रुपए ले भी लिए थे। इसके बाद मंगलवार को ट्रैप कार्रवाई के दौरान मंजूर अली ने परिवादी से 10 हजार रुपए ले लिए। परिवादी का इशारा मिलते ही एसीबी की टीम ने एमबीएस अस्पताल परिसर में ही नर्सिंग अधीक्षक कक्ष पर दबिश दे कर आरोपी मंजूर अली को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के डीआईजी कल्याणमल मीणा का कहना है कि आरोपी के विज्ञान नगर स्थित निवास पर भी दो इंस्पेक्टर को भेजकर घर की तलाशी शुरू की गई।



#### 3 कार्मिकों के लिए मांगी थी रिश्वत

एडिशनल एसपी स्वर्णकार का कहना है कि मंजूर अली ने सत्यापन के दौरान बताया था कि यह रिश्वत की राशि में बाबू और एक अकाउंट कार्मिक का भी हिस्सा है। ऐसे में जब्त की गई पत्रावलियों के अनुसार इन दोनों कार्मिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। यह बाबू भी लेखा विभाग में ही कार्यरत है।

**नवाचार के तहत लगी** विद्यार्थी-पुलिस चौपाल

## नशे व अपराध से दूर रहने का आह्वान

**बेधड़क** | बीकानेर

विद्यार्थियों को नशे की लत और अपराधों से दूर रखने के लिए पुलिस ने नई पहल की है। इसके तहत विद्यार्थी-पुलिस चौपाल आयोजित कर बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और नुकसान के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

रेंज स्तर पर शुरू हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और युवाओं को अपराध और नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस-विद्यार्थी चौपाल का आयोजन बीकानेर सहित श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ में भी किया जाएगा। बीकानेर के रवीन्द्र रंगमंच में आयोजित की गई चौपाल में स्कूल, कॉलेज और अन्य बच्चों के साथ संवाद कर उन्हें नशे और अपराध के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले यूथ अगेंस्ट इल्लिट्रेसी संस्था के 550 बच्चों को बुलाया गया। इस दौरान रेंज आईजी ओमप्रकाश पासवान से विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। पुलिस की इस पहल का सामाजिक संगठनों एवं अन्य संस्थाओं ने स्वागत किया है।




**विवाह समारोह में कहासुनी के बाद** युवक की हत्या

## सोते समय तलवार से उतारा मौत के घाट

**बेधड़क** | जालोर

विवाह समारोह में कहासुनी होने के बाद रिश्तेदार ने एक युवक को तलवार के वार से मौत के घाट उतार दिया। मामला मंगलवार रात करीब 3 बजे का है। युवक आहोर के भाद्राजून थाना क्षेत्र के शंखवाली गांव मे एक शादी में आया हुआ था।

कार्यक्रम के बाद वह खेत पर सोने के लिए लिए गया था। आरोपी रिश्तेदार भी खेत पर पहुंच गया और सोते हुए युवक पर तलवार से हमला कर दिया। इसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता ने भाद्राजून थाने में 5 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जिसकी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसआई जीत सिंह ने बताया कि शंखवाली गांव के एक खेत में देर रात महिपाल सिंह (38) पुत्र तेज सिंह राजपूत (62) की तलवार से हत्या कर दी गई। डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि शंखवाली निवासी तेज सिंह राजपूत ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके रिश्तेदार गुमान सिंह के पौत्र की शादी थी। इस दौरान रिश्तेदार जब्बर सिंह एवं उसके बेटे महिपाल सिंह (38) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वहां लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवा दिया। इसके बाद महिपाल सिंह खेत पर जाकर सो गया। रात करीब 2 बजे जब्बर सिंह, शैतान सिंह, रविंद्र सिंह, गुमान सिंह सहित अन्यों ने मिलकर तलवार से हमला कर महिपाल सिंह की हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक का आहोर की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद मंगलवार सुबह महिपाल सिंह की हत्या की खबर से पूरा गांव शोक में डूब गया।



**बनाए थे सिलिकोसिस के फर्जी प्रमाण पत्र**

# 5 चिकित्सकों और 6 कार्मिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**बेधड़क** | दौसा

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (जनस्वास्थ्य) के निर्देश पर सिलिकोसिस के फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने के मामले में एपीओ किए गए डॉक्टर्स व मेडिकल कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। दौसा जिला अस्पताल के पीएमओ ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

मामले में पिछले दिनों राज्य सरकार ने प्रदेश के जिला अस्पतालों में कार्यरत 9 डॉक्टर व 11 मेडिकल कर्मियों को एपीओ किया था। कोतवाली थाना इंचार्ज हीरालाल सैनी ने बताया कि पीएमओ डॉ. शिवराम मीणा ने निदेशालय के आदेश की पालना में टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. बत्तीलाल मीणा, प्रमुख विशेषज्ञ मेडिसिन डॉ. डीएन शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी टीबी डॉ. मनोज कुमार ऊंचवाल, चिकित्सा अधिकारी मेडिसिन डॉ. प्रेम कुमार मीणा, उपनिदेशक (रेडियो) जिला अस्पताल डॉ. घनश्याम मीणा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसके साथ ही मेडिकल कर्मी कुशल जोशी, केतन कुमार, मनोहर लाल यादव, संदीप कुमार शर्मा, रामराज मीणा व शंकर लाल मीणा के खिलाफ भी पीएमओ ने एफआईआर दर्ज कराई है।

थाना इंचार्ज ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिन डॉक्टर्स व मेडिकल कर्मियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई है, उन्हें पिछले दिनों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव निमिषा गुप्ता ने आदेश जारी एपीओ कर दिया था।




#### जांच में सामने आई थी धांधली

जिले में सिलिकोसिस के रोगियों को अनियमित भुगतान किए जाने के संबंध में प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक मेडिकल कॉलेज जयपुर की ओर से गठित चेस्ट रेडियोग्राफर कमेटी व कलेक्टर दौसा की ओर से गठित जिला स्तरीय कमेटी द्वारा पेश की गई जांच रिपोर्ट में आरोपियों की ओर से की गई धांधली सामने आई। जांच में पाया गया कि रोगियों को गलत प्रमाण पत्र जारी किए गए। आरोपियों को सिलिकोसिस नीति के अनुसार राशि का भुगतान किए जाने पर राज्य सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाने का दोषी पाया गया था।

#### दस महीने में बनाए 2,755 कार्ड

सिलिकोसिस कार्ड नवंबर 2022 से ऑनलाइन बनना शुरू हुए। तब जिले में 10 महीने में सर्वाधिक 2755 सिलिकोसिस कार्ड बनाए गए। यह पूरा आंकड़ा प्रदेश में बनाए गए कार्ड का करीब 46 फीसदी था। दौसा में ज्यादा संख्या में कार्ड बनाने पर आंकड़ा सामने आया तो प्रदेश स्तर की टीम को इस पर शक हुआ। इस पर जांच कमेटी गठित की गई। मामले की छानबीन के दौरान यह धांधली सामने आई।

## CM जनसुनवाई केंद्र खुला आमजन को मिलेगी राहत

**बेधड़क** | भरतपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भरतपुर के ट्रैफिक चौराहे पर जनसुनवाई केंद्र खुलवाया है। यह केंद्र खुलने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। भजन लाल शर्मा को सीएम बनने के बाद भरतपुर के लोग छोटे-छोटे कामों के लिए जयपुर जाया करते थे। सीएम से मुलाकात नहीं होने पर वापस आना पड़ता था। इसलिए अब भरतपुर में ही मुख्यमंत्री जनसुनवाई खोला गया है, जिससे भरतपुर के लोगों को परेशान न पड़े। ट्रैफिक चौराहे के पास बन रहे मुख्यमंत्री जनसुनवाई केंद्र को सीएमओ से जोड़ा जाएगा। जो भी लोग अपनी समस्या को लेकर केंद्र पर जाएंगे, उनकी समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर होगा तो ठीक है अन्यथा उन्हें निस्तारण के लिए जयपुर भेजा जाएगा। जनसुनवाई केंद्र में लगभग 1 हजार से 15 सौ लोगों के उठने बैठने की व्यवस्था की गई है। जनसुनवाई केंद्र पर लगाए गए ओएसडी आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह गृह जिला है। यहां के लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर सीएम विशेष रूप से संवेदनशील हैं। जो व्यक्ति छोटे-छोटे कामों के लिए जयपुर जाते हैं, अब उनको वहां नहीं आना पड़ेगा। इसलिए भरतपुर में जनसुनवाई केंद्र बनाया गया है। हमारा प्रयास यही रहेगा की जो भी स्थानीय समस्याएं हैं, हम सम्बंधित अधिकारियों से विभागों से मिलकर उनकी समस्या का समाधान कराने का प्रयास करें।

### यूजीसी की अंतर-नियामक प्राधिकरण बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# विशेष योग्यजनों को सुविधा पर मिलेगा NAAC रेटिंग में वेटेज

**बेधड़क** | नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालयों और निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए प्रासंगिक नियामकों के प्रतिनिधित्व के साथ एक मॉनिटरिंग कमेटी का गठन करेगा।



मंगलवार को आयोग की ओर से आयोजित अंतर-नियामक प्राधिकरण बैठक में इस पर चर्चा की गई। चर्चा के मुताबिक अब, विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) के मूल्यांकन और रेटिंग मानदंडों में भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार विकलांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं रखने के लिए भी महत्व दिया जाएगा। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि सभी नियामक संकाय चयन और पदोन्नति दिशानिर्देशों की समीक्षा करेंगे और विसंगतियों से बचने के लिए उन्हें संकाय भर्ती पर यूजीसी नियमों के साथ संरेखित करेंगे। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा कि संस्थानों को उत्कृष्टता के केंद्र बनने के लिए विकसित किया जाना चाहिए और सभी नियामक प्राधिकरणों और परिषदों को सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करना चाहिए। बैठक में ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा हुई। कुमार ने शिक्षण-अधिगम में प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग और पारंपरिक शैक्षणिक प्रतिमानों से आगे बढ़कर अनुभवात्मक और समग्र शिक्षा को शामिल करने पर जोर दिया। बैठक में एनएमसी, एनसीआईएसएम, वीसीआई, एआईसीटीई, पीसीआई, डीसीआई, सीओए, एनसीटीई, आईएनसी, आईसीएआर, आरसीआई, एनबीए, एनएएसी व एनआईआरएफ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### ये लिए गए मुख्य फैसले

- नियामक प्राधिकरण अपने डोमेन के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत मान्यता के लिए आवेदन करने के लिए एक सलाह जारी करेंगे।
- नियामक प्राधिकरण, मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा आयोजित संकाय क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों में संकाय सदस्यों की भागीदारी को प्रोत्साहित करेंगे। मंत्रालय ने मिशन के तहत 111 ऐसे संस्थानों की पहचान की है।
- नियामक अधिकारी उनसे जुड़े औद्योगिक संगठनों को पत्र लिखकर आयोग के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस (पीओपी) पोर्टल पर पंजीकरण के लिए उद्योग के पेशेवरों को नामित करने का अनुरोध करेंगे।
- नियामक अधिकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत की जा रही पहलों का विवरण देने वाले यूजीसी अंडरटेकिंग ट्रांसफॉर्मेटिव स्ट्रैटेजीज एंड एक्शन्स इन हायर एजुकेशन (यूटीएसएएच) पोर्टल पर जानकारी प्रदान करने के लिए अपने डोमेन के तहत संस्थानों को एक सलाह जारी करेंगे।

## Yuva स्टोरीज

# आंखों में सपने लिए छात्रों ने ली शपथ



**बेधड़क** | जयपुर

विद्यार्थियों के चेहरे की मुस्कान और समर्पण से भरी उनकी उत्साह भरी आंखें। नए दायित्वों को निभाने का उल्लास व अनुशासन। यह मौका था सीडलिंग मॉडर्न हाई स्कूल के कक्षा 6 से 12 में नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों के मंगलवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का।

छात्रों को अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए दिव्य शक्तियों के आशीर्वाद के लिए गणेश व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के सीईओ व जयपुर नेशनल यूनिविर्सिटी के चांसलर संदीप बख्शी व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. प्रीति बख्शी ने किया। नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ नए लक्ष्यों की ओर बढ़ने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान डैफोडिल, लेवेंडर, आर्किड तथा प्रिमरोज चारों सदन के कैप्टन, वाइस कैप्टन, एक्सनोरा हेड, गुडविल एंबेसडर, कल्चरल हेड, किएटिव हेड, सोसाइटी एड तथा कंडक्ट मॉनिटर को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित स्कूल बैंड के साथ हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन व अन्य पदाधिकारियों को मंच पर बुलाया गया। उसके बाद भूतपूर्व छात्र अधिकारियों ने स्कूल फ्लेग तथा हाउस फ्लेग के साथ उत्तरदायित्व का भी हस्तांतरण किया। डॉ. संदीप बख्शी ने हेड गर्ल सौम्या मिश्रा तथा हेड बॉय अश्वजीत शर्मा को बैज पहनाकर अपनी क्षमताओं को पहचानकर विद्यालय को एक नए चरम पर पहुंचाने का आशीर्वाद दिया।

हाउस कैप्टन के साथ अन्य पदाधिकारियों को अध्यापकों ने आशीर्वाद के साथ तिलक व बैज लगाए। डायरेक्टर डॉ. प्रीति बख्शी ने कहा कि शिक्षा एक यात्रा है इसमें आप सभी अपने दायित्वों को सावधानीपूर्वक निभाएं और अपने परिश्रम से सफलता की ऊंचाइयों को छुएं। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों ने एकता और समर्थन की भावना से कार्य कर कला, साहित्य, और सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने का संकल्प लिया।

### शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

# महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लें आज के युवा



**बेधड़क** | जयपुर

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर राजस्थान विश्वविद्यालय में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम गांधी अध्ययन केंद्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स व युवाओं को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि आज हमारे युवाओं को अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलाने वाले हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्शों पर चलकर राष्ट्र को विकसित करने में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन को किसी भी असफलता से हतोत्साहित होकर तनाव व ऐसी अन्य विकृतियों के स्थान पर उसे नई ऊर्जा के साथ राष्ट्र निर्माण में अपने समर्पित भाव के साथ योगदान देने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास एवं सामान्य ज्ञान को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। कुलपति ने इस अवसर पर स्वच्छता अभियान की भी शुरुआत की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी कर्नल साकेत लाल, डॉ. राजेश कुमार शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी इस अवसर पर गांधी जी के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# निर्वाण यूनिवर्सिटी ने किए तीन एमओयू



**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण यूनिवर्सिटी ने सोमवार को तीन स्टार्टअप्स के साथ एमओयू किया। इस एमओयू से यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को रोजगार के नए अवसर तो मिलेंगे ही, साथ ही इन तीनों स्टार्टअप्स को भी यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट्स का गाइडेंस व अन्य सुविधाएं मिल पाएंगी।

यह एमओयू निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर के इंक्यूबेशन सेंटर निर्वाण युनिवर्सिटी टेक्नोलोजी एंड एजुकेशन सेंटर (NUTEC) और जीवन मशरूम ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, श्री अमेश्वर डेयरी एंड बेवेरेजेस प्राइवेट लिमिटेड तथा आरटीजेन एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच रजिस्ट्रार प्रो. पीके राघव एवं डायरेक्टर ऑफ न्यूटेक(NUTEC) प्रो.अपर्णा दीक्षित के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी चेयरमेन डॉ. एस एल सिहाग ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है। इससे दोनों संस्थाओं के विशेषज्ञ ऑनलाइन संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं का समय-समय पर आयोजन कर सकेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को स्टार्टअप से संबन्धित मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

सीईओ एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. आर के अरोड़ा ने बताया कि इस एमओयू से विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे। कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के एमओयू युनिवर्सिटी और विद्यार्थियों के लिए रोजगार और कौशल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर निर्वाण युनिवर्सिटी के जॉइंट रजिस्ट्रार प्रो. एनडी जसूजा, डायरेक्टर ऑफ मार्केटिंग एंड पीआर पायल लाल, डॉ. आलोक कुमार सिंह और डॉ. विजय लक्ष्मी उपस्थित थे।

# डिजनी के करेक्टर्स के साथ बच्चों ने की मस्ती

**जयपुर**। जगतपुरा स्थित एसआरएन इन्टरनेशनल स्कूल में चार वर्ष से लेकर दस वर्ष तक के बच्चों के लिए 'गिगल एंड ग्रिन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




इस अनोखे कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए डिजनी के विभिन्न किरदार उनसे मिलने पहुंचे। मिकी माउस ने अपना जलवा दिखाते हुए मोटू-पतलू के साथ ठुमके लगाए तो बच्चों ने जोश के साथ उनका स्वागत किया। बच्चों ने रैम्प वॉक, डांस, ड्रॉइंग तथा संगीत की मधुर आवाज से अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए स्टेज पर चार चांद लगाए। साथ ही स्वस्थ आहार का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के अन्त में सभी बच्चों को विद्यालय प्राचार्या उषा शर्मा ने प्राइज दिए।

सभी बच्चों को विनर की ट्रॉफी तथा गिफ्ट्स दिए गए। कार्यक्रम में करीब 250 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही बच्चों के अभिभावक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्राचार्या उषा शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यकम के माध्यम से बच्चों को नई चीजे सीखने को मिलती हैं जिससे उनका विकास होता है।

# छात्राओं ने सीखी सड़क सुरक्षा तकनीक

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को स्टूडेंट्स ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझा और अपने जीवन में सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाने का संकल्प लिया। महाविद्यालय परिसर में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण केंद्र, डब्ल्यूएचओ कॉलोब्रेटिंग सेन्टर फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स नई दिल्ली और राजस्थान परिवहन एवं सड़क सुरक्षा के सहयोग से आयोजित किया गया। इसके तहत सड़क सुरक्षा, सीपीआर, जीवन रक्षण प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सड़क हादसों में घायलों को सहायता के लिए छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षित शिक्षिकाओं ने छात्राओं को सीपीआर प्रणाली का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षणार्थियों को सड़क दुर्घटना तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीज को अस्पताल पहुंचने से पहले दी जाने वाली प्राथमिक सहायता के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर डीवायएसपी सड़क सुरक्षा उज्जवल शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एलएन पाण्डे, सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ निशा बग्गा आदि मौजूद रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं से सजग नागरिक बनने की अपील की।

# सकारात्मक सोच सफलता का आधार




**बेधड़क** | जयपुर

स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि कार्य के प्रति सकारात्मक सोच उस कार्य की सफलता का प्रथम आधार है। जैन ने नवनियुक्त शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाली इंडक्शन ट्रेनिंग के द्वितीय चरण में एसआरजी और मास्टर ट्रेनर्स से संवाद करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी ट्रेनिंग सत्रों मे सिखाई जा रही बातों को पूर्ण रुचि, लगन और निष्ठा से आत्मसात करें। इससे आप नवनियुक्त शिक्षकों को बेहतरीन प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों और रोचक प्रसंगों से प्रशिक्षण में शामिल एसआरजी ग्रुप और मास्टर ट्रेनर्स को अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग करते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जैन ने कहा कि राजस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं में सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को मजबूत करना होगा । उपनिदेशक, प्रशिक्षण उर्मिला चौधरी ने इंडक्शन ट्रेनिंग के सत्रों को उद्देश्यों के अनुरूप पूर्ण अनुशासन से संचालित किए जाने के लिए शासन सचिव को आश्वासन दिया।

### ट्रेनिंग-सेशन | जेईसीआरसी विश्वविद्यालय में 'लाई डिटेक्शन' कार्यशाला

# फोरेंसिक साइंस विशेषज्ञों ने की 'सत्य की खोज'

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के फॉरेंसिक साइंस डिपार्टमेंट की ओर से 'लाई डिटेक्शन' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन हुआ।



वर्कशॉप में देश भर की यूनिवर्सिटीज से 110 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि घटनाओं की तह तक जाने के लिए और मुजरिम को पकड़ने के लिए फॉरेंसिक साइंस को पढ़ना और इसी के तहत लाई डिटेक्शन कला को समझना जरूरी है। वर्कशॉप में प्रसिद्ध फॉरेंसिक विशेषज्ञ व वकील फणींदार बी.एन मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों के लाइ डिटेक्शन तकनीकों की समझ में सुधार करना था, जिसमें कई तरह की गतिविधियां शामिल की गई थीं। इस कार्यक्रम ने फॉरेंसिक साइंस में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए एक ज्ञान साझा करने का मंच प्रदान किया। फणींदर बी.एन. ने अपनी व्यापक विशेषज्ञता के साथ लाई डिटेक्शन की जटिलताओं में गहराई से जाकर, फॉरेंसिक साइंस में पॉलीग्राफ टेस्टिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में केवल सूचनात्मक ज्ञान नहीं बल्कि प्रतिभागियों को प्रैक्टिकली अभ्यास करवाकर उनकी स्किल का विकास किया गया। साथ ही जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी और क्लू4 एविडेंस फॉरेंसिक लैब के साथ एमओयू भी साइन किया गया।



### पॉलीग्राफ टेस्टिंग है अहम

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने बताया की लाई डिटेक्शन और पॉलीग्राफ टेस्टिंग फॉरेन्सिक जांच में एक अहम भूमिका निभाते हैं। ये झूठ और धोखाधड़ी का पर्दाफाश करने में सहायक होते हैं। जेईसीआरसी विश्वविद्यालय फॉरेन्सिक साइंस में ज्ञान को बढ़ाने में समर्थ है और ये सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि यहां के विद्यार्थी जांच तकनीकों के बदलते परिदृश्य को न केवल पढ़ कर बल्कि प्रैक्टिकल नॉलेज के साथ सीख सकें। हेड एंड असिस्टेंट प्रोफेसर, फॉरेन्सिक साइंस डिपार्टमेंट वैष्णवी ठाकरे ने कहा कि लाई डिटेक्शन और पॉलीग्राफ टेस्टिंग तकनीक फॉरेन्सिक वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं, जो आपराधिक जांच, कानूनी प्रक्रियाओं, और कर्मचारी स्क्रीनिंग में मूल्यवान अनुसंधान प्रदान करती हैं।

# ERCP का साकार होता सपना...



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राजनीतिक आलोचना-प्रत्यालोचना को अलग कर दिया जाए तो यह साफ है कि पीकेसी ईआरसीपी परियोजना के क्रियान्वयन की राह प्रशस्त होना प्रदेश के लिए देखा जाए तो बहुत बड़ी उपलब्धि है। भले ही पीकेसी ईआरसीपी से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के नागरिकों और किसानों को सीधा सीधा लाभ मिलेगा पर इसमें कोई दो राय नहीं की राजस्थान, पंजाब और केन्द्र सरकार के साथ संपन्न एमओयू राजस्थान के लिए किसी भागीरथी वरदान से कम नहीं हैं। क्योंकि इससे प्रदेश में पेयजल, सिंचाई के लिए पानी, औद्योगिक विकास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और इसी तरह के अनेक फायदे सीधे सीधे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गॉरंटी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा कार्यभार संभालने के एक माह से भी कम समय में राजस्थान के लिए जीवनदायी इस परियोजना पर सहमति बनवाना और एमओयू कर क्रियान्वयन के स्तर पर लाना अपने आप में बड़ी बात है। देखा जाए तो राजस्थानवासियों के लिए यह साकार होता हुआ सपना है। करीब करीब 20 साल पुराना सपना पार्वती-कालीसिंध-चंबल इस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है। राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिससे 13 जिलों के रहवासियों की सभी तरह की पानी की जरुरत पूरी हो सकेगी। इसके साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हर साल बरसात सीजन में बाढ़ के कारण जन-धन और फसलों की बर्बादी का कारण बनने वाला यह पानी पानी की समस्या से जूझ रहे प्रदेशवासियों के काम आ सकेगा। बेकार बह जाने वाला पानी संग्रहित होगा, धरती, यहां के निवासियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आ सकेगा।

> *प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा कार्यभार संभालने के एक माह से भी कम समय में राजस्थान के लिए जीवनदायी इस परियोजना पर सहमति बनवाना और एमओयू कर क्रियान्वयन के स्तर पर लाना अपने आप में बड़ी बात है। देखा जाए तो राजस्थानवासियों के लिए यह साकार होता हुआ सपना है। करीब करीब 20 साल पुराना सपना पीकेसी ईआरसीपी को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है।*

दरअसल नदियों के बरबाद होते पानी का सही उपयोग तय करने के लिए 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना आरंभ की थी। यह योजना सिरे से चढ़ती उससे पहले ही 2004 में नई सरकार आते ही इस परियोजना को ठंडें बस्ते में ड़ाल दिया गया। इसके बाद 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जारी रखने के केन्द्र सरकार को निर्देश दिए। राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण द्वारा 44605 करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। गंगानदी पर करीब एक हजार बांध हैं तो गोदावरी पर 350 के आसपास बांध है। इन बांधों पर पानी को सहेजते हुए नदियों के पानी को अनुपयोगी व बर्बादी का कारण बनने से बचाने के स्थान पर क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान किया जाता है। मोटे रुप से देखा जाए तो नदियों को जोड़ने से पानी की बर्बादी यानी कि बाढ़ के कारण तबाही व समुद्र में समाहित होने से बचाकर पानी की समस्या के समाधान के लिए तो किया ही जा सकता हैं वहीं सूखे की समस्या का हल, खेती के लिए पानी की उपलब्धता और लोगों के पेयजल की समस्या का समाधान संभव है। राजस्थान नहर इसका जीता जागता उदाहरण है जिससे मरु प्रदेश और सर्वाधिक उपजाऊ और उत्पादक हिस्सा बनने के साथ ही समग्र विकास का माध्यम बन गई है।

जहां तक पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना का प्रश्न है। यह राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार व केन्द्र से सहमति नहीं बनने के कारण लंबे समय से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। 13 जिलों के 9 लोकसभा क्षेत्रों और करीब 83 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी होने के कारण यह परियोजना राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का कारण भी रही है। अब राजस्थान, मध्यप्रदेश और केन्द्र सरकार की आपसी सहमति और करार होने से परियोजना पर जल्दी ही काम शुरु होने की संभावना है। इस परियोजना से राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों को ही लाभ होगा। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस परियोजना पर 45 हजार करोड़ रु. के व्यय होने की संभावना है जिसमें 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। छोटे मोटे 30 से ज्यादा बांध बनाये जायेंगें। 5 से 6 साल में यह परियोजना पूरी हो सकेगी। इसके बाद 13 जिलों के करीब 2 लाख 80 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इन जिलों के निवासियों की पेयजल की समस्या का समाधान भी हो सकेगा। इस सबके साथ ही पानी की उपलब्धता के कारण नए उद्योग धंधें आयेंगे और इससे रोजगार व समग्र विकास संभव हो सकेगा। इस परियोजना क्षेत्र में राज्य के झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर और धौलपुर जिलों के निवासी लाभान्वित हो सकेंगे। यह कोई छोटा मोटा क्षेत्र नहीं है। हांलाकि तीनों में सहमति के बाद एमओयू होने पर इसके राजनीतिक लाभ हानि का आकलन राजनीतिक दलों द्वारा किया जा रहा है। पर इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि आने वाले समय में यह परियोजना पूर्वी राजस्थान की जीवन रेखा बन जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गॉरन्टी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की प्राथमिकता और पहल को इसका श्रेय जाता है और निश्चित रुप से यह बधाई का कार्य है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

मध्यप्रदेश

# राज्यसभा चुनाव में युवा चेहरे भेजने की तैयारी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *एमपी में भाजपा को जिन चार राज्यसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने हैं, उनमें वह ऐसे उम्मीदवार उतारने की कोशिश में है, जिससे पार्टी को चुनाव में लाभ मिले। उसका प्रयास यह भी है कि प्रत्याशी चयन के बाद कोई जनप्रतिनिधि या वर्ग नाराज नहीं होने पाए। नतीजतन भाजपा का जोर जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण में संतुलन बिठाने का रहेगा। भाजपा विधानसभा चुनाव में पराजित या फिर नाराज नेता को भी मौका दे सकती है। लेकिन उसकी प्रमुख कोशिष नए चेहरे लाकर पार्टी को सशक्त करना है।*

निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस और भाजपा में प्रत्याशी तलाशने की तैयारी शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश विधानसभा सीटों के गणित के अनुसार कांग्रेस को एक और भाजपा को चार सीटें मिलना तय माना जा रहा है। इस समय 230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास 163 और कांग्रेस के पास 66 विधायक हैं। पांच सीटों के लिए चुनाव होना है। निर्धारित फॉर्मूला के अनुसार 39 विधायक एक सदस्य को चुनेंगे। इस हिसाब से भाजपा को चार और कांग्रेस को एक सीट पर निर्विरोध जीत मिल सकती है। भाजपा जहां लोकसभा चुनाव की दृष्टि से जातीय और वर्ग के आधार पर प्रत्याशी तय करेगी, वहीं कांग्रेस भी पिछड़े वर्ग का उम्मीदवार मैदान में ला सकती है। चूंकि भाजपा में नाम तय केंद्रीय नेतृत्व करेगा। इसलिए कानों-कान यह अनुमान लगाना मुश्किल है कौन-कौन संभावित प्रत्याशी हो सकते है? कोई भी प्रत्याशी केंद्रीय नेतृत्व के भय से टिकट की मांग भी नहीं कर रहा। लेकिन कांग्रेस में ऐसी स्थिति नहीं है।



विधानसभा चुनाव में पराजित हुए कांग्रेस को एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रखने की जरूरत है। इस हार के बाद कमलनाथ और दिग्विजय सिंह निर्णायक भूमिका में नहीं रह गए है। गोया, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अहम भूमिका में रहेंगे। प्रदेश से राज्यसभा में सदस्य भेजने के लिए कांग्रेस अनुसूचित जाति (एससी) विभाग के सम्मेलन में इस सीट पर इस वर्ग के उम्मीदवार को भेजने की मांग पुरजोरी से उठी है। इस मोर्चे के राष्ट्रीय संयोजक हेमंत नरवरे ने कहा है कि भाजपा ने एससी वर्ग की सुमित्रा बाल्मीक को राज्यसभा में भेजा हुआ है। इसे एक उदाहरण मानते हुए कांग्रेस को भी एससी नेतृत्व विकसित करने के लिए इस वर्ग का उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत है। इस वर्ग में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और विजयलक्ष्मी साधो दावेदार हो सकते हैं। इसके अलावा पिछड़े वर्ग से जीतू पटवारी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव भी चर्चा में हैं।

यदि कांग्रेस भविष्य के लिए चैतन्यता दिखाती है तो उसे जीतू पटवारी को राज्यसभा सदस्य बनाने की पहल करनी चाहिए। क्योंकि पटवारी विधानसभा का चुनाव हार गए हैं और उनके पास कोई अन्य पद भी नहीं है। कांग्रेस पूर्व में लोकसभा या राज्यसभा सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष बनाती रही है। दरअसल संवैधानिक पद पर रहने से व्यक्ति की एक गरिमा बनती है और उसे सरकारी सुविधाएं भी मिलने लग जाती हैं। इस स्टेटस के चलते अध्यक्ष की किसी समस्या के निराकरण की मांग को प्रशासन भी गंभीरता से लेता है। प्रदेश अध्यक्ष संसद सत्र में समस्याओं को उठाकर जनभावनाओं को भी पार्टी के अनुकूल कर सकता है। अतएव कांग्रेस पटवारी को उम्मीदवार बनाती है तो उन्हें मध्यप्रदेश में पार्टी की पुनर्स्थापना करने में मदद मिलेगी। चूंकि पटवारी एक जुझारू और बोलने वाले नेता हैं, इसलिए उन्हें कोई मंच और गरिमापूर्ण पद मिलता है तो वे भाजपा पर तल्ख प्रहार करने में सफल दिखाई दे सकते हैं। फिलहाल कांग्रेस के राजमणि पटेल राज्यसभा सदस्य हैं। यही सीट रिक्त हो रही है।

भाजपा को जिन चार सीटों पर उम्मीदवार उतारने हैं, उनमें वह ऐसे उम्मीदवार उतारने की कोशिश में है, जिससे पार्टी को चुनाव में लाभ मिले। उसका प्रयास यह भी है कि प्रत्याशी चयन के बाद कोई जनप्रतिनिधि या वर्ग नाराज नहीं होने पाए। नतीजतन भाजपा का जोर जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण में संतुलन बिठाने का रहेगा। भाजपा विधानसभा चुनाव में पराजित या फिर नाराज नेता को भी मौका दे सकती है। लेकिन उसकी प्रमुख कोशिष नए चेहरे लाकर पार्टी को सशक्त करना है। भाजपा के वर्तमान राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह, कैलाश सोनी, धर्मेंद्र प्रधान और डॉ एल मुरुगन का कार्यकाल मार्च-2024 में पूरा हो रहा है। भाजपा दो सीटों पर नए चेहरे भी सामने ला सकती है। पार्टी यह प्रयोग पहले भी कर चुकी है। इस नजरिए से बड़वानी के कॉलेज में प्राध्यापक रहे सुमेर सिंह सोलंकी और इससे पहले संपत्तिया उईके को राज्यसभा में भेजने का प्रयोग कर चुकी है। इसके अलावा पार्टी राज्यसभा सदस्यों को लोकसभा चुनाव में भी उतार सकती है। इनमें ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम प्रमुख है। सिंधिया को ग्वालियर या गुना-शिवपुरी से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। दोनों ही सीटें उनके लिए सुरक्षित हैं। हालांकि कांग्रेस में रहते हुए गुना सीट से सिंधिया चुनाव हार गए थे।

इसी तरह धर्मेंद्र प्रधान को भी भाजपा ओडिसा से लोकसभा का चुनाव लड़ा सकती है। वैसे भी भाजपा की नजर अब ओडिसा पर है, क्योंकि वहां नवीन पटनायक लगातार 25 साल से मुख्यमंत्री हैं और जनता बदलाव का मन बना रही है। पटनायक के साथ संकट यह भी है कि वे अपनी पार्टी में सेकेंड लाइन खड़ी नहीं कर पाए हैं। 75 साल के हो जाने के कारण उनकी राजनीतिक पारी समापन की ओर जाति दिखाई दे रही है। चूंकि उनका कोई पारिवारिक उत्तराधिकारी नहीं है, इसलिए पटनायक एक आईएस को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाने की कोशिश में है। भाजपा इसे कमजोर कड़ी मानते हुए धर्मेंद्र प्रधान को ओडीसा का भावी मुख्यमंत्री बना देने का अवसर तलाश रही है। चूंकि पटनायक और भाजपा के बीच एक अलिखित समझौता है कि आप ओडीसा में दखल न दें और केंद्र में जहां भी जरूरत है, वहां हमारा सहयोग लेते रहें। इसी समझौते का परिणाम है कि पटनायक मुख्यमंत्री बने रहने की लंबी पारी खेलते जा रहे हैं। लेकिन भाजपा दीर्घकालिक राजनीति का खेल खेलते हुए आगे बढ़ रही है। इसी नजरिए से उसने आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्म को राष्ट्रपति बनाने का काम किया है।

दतिया सीट से चुनाव हारे पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा इस लिहाज से अग्रिम पंक्ति में हैं। उन्हें एक कर्मठ कार्यकर्ता माना जाता है। अमित शाह से नजदीकी के चलते ये उम्मीद की जा रही है कि वे उम्मीदवार बन सकते हैं। भाजपा के युवा और बौद्धिक चेहरों में राघवेंद्र शर्मा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। फिलहाल वे भोपाल में भाजपा कार्यालय मंत्री हैं और संघ और भाजपा के बीच सेतु बने हुए हैं। वे अपना काम शालीनता के साथ पूरी गोपनीयता बरतते हैं। संघ से प्रशिक्षण प्राप्त होने के कारण एक अच्छे वक्ता भी हैं। हालांकि यदि भाजपा ओबीसी, एससी या एसटी का कार्ड चलती है तो इन दोनों में से कोई भी उम्मीदवार नहीं होगा। लेकिन मध्यप्रदेश में ब्राह्मणों के वोट साधने की दृष्टि से किसी एक को उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

व्यंग्य

# लेखक के जिंदा होने का प्रमाण



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

आप लिख नहीं रहे हैं या छप नहीं पा रहे हैं? यह सवाल उन्होंने मुझ पर दागते हुए अर्थपूर्ण नजरों से निहारा। उन्होंने मुझसे यह सवाल यूं कर लिया था कि रोज-रोज लिखना मेरी आदत में शुमार था। जिसके चलते कहीं-न-कहीं छपने का सिलसिला रोज-दर-रोज चलायमान था। लेकिन कुछ योग-संयोग ही ऐसे हो गए थे कि काफी दिनों से अपना लिखा किसी को नजर नहीं आ सका था। आता भी कैसे ? किसी ने कुछ छापा ही नहीं था ! खैर, उत्तर देने के पहले मैंने उनकी नजरों को तोला। उनके हाव-भाव और व्यवहार को देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा था कि उन्हें मेरे उत्तर की प्रतीक्षा रही होगी।

दरअसल वे बॉडी लैंग्वेज की रीडिंग के एक्सपर्ट कहलाए जाते थे। शुद्ध हिंदी में कहे तो वे शारीरिक भाषा को पढ़ने में दक्ष माने जाते थे। खैर, सही बात बताना तो संभव नहीं था, इसलिए खींसे निपोरते हुए बस इतना ही कहा कि " श्रीमान जी इन दिनों एक वृहद उपन्यास लिखने में व्यस्त हूं। जिसका प्रकाशन 7 भागों में होगा, वैसे अब तक दो भाग पूर्ण कर चुका हूं। शेष भाग लिखने की प्रक्रिया चल रही है।" ऐसा कहकर मैं मन ही मन आश्वस्त हो गया कि अब ये भले आदमी मुझसे 4 / 6 महीने ऐसा सवाल नहीं कर पाएंगे।

असल बात यह है कि राजनीतिक वातावरण में रहकर मुझे बहुत ही विश्वासपूर्वक झूठ पर झूठ बोलने की आदत हो चुकी थी। इसके चलते उनको उत्तर देते हुए मैं प्रबल आत्मविश्वास से भरपूर था। अब यह तो पता नहीं कि वह मुझे पकड़ पाए या नहीं ? लेकिन एक बात तो तय थी कि उनके ऐसे सुलगते सवाल से मुझे वक्ती तौर पर ही सही, लेकिन मुक्ति मिल गई थी। वास्तव में जिन्हें रोज-रोज लिखने और छपने की आदत हो जाती है, उनके लिए विराम लेना, चाहने वालों के मन में नाना प्रकार के सवाल सुलगा जाता है।

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि किसी कारणवश आप छप नहीं पा रहे हैं, तो प्रत्यक्ष संपर्क के अभाव में सामने वालों को आपके दिवंगत हो जाने का भ्रम हो सकता है। वैसे इसमें ऐसा मानने वालों का दोष नहीं है, जो व्यक्ति रोज दिखाई दे लेकिन काफी समय से जब दिखाई नहीं देने लगे, तो उसे तो जिंदा होकर भी मुर्दा मान लिया जाता है। यही कारण है कि लेखकों की बिरादरी वालों को समय-समय पर ऐसे संकेत देते रहना चाहिए कि वह लिख रहे हैं। छप नहीं रहे हैं तो क्या हुआ ? कहीं-न-कहीं कुछ-न-कुछ लिख तो रहे हैं, ऐसा वातावरण बनाकर आप चैन की सांस तो ले ही सकते हैं।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं। उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और हमारे राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
सामाजिक और आर्थिक न्याय आज समय की मांग है और जातिगत जनगणना उस दिशा में पहला कदम। भाजपा नहीं चाहती ऐसा हो, क्योंकि वह देश को चलाने में वंचितों की भागीदारी के खिलाफ़ रही है।
हमने नीतीश जी से साफ कह दिया था कि आपको जातिगत जनगणना करनी होगी, इस पर हम आपको कोई छूट नहीं देंगे।
दबाव में आकर नीतीश जी ने मूल रूप से 'सामाजिक न्याय' के खिलाफ़ रही भाजपा से समझौता कर लिया है।
वो डर गए, पर हम नहीं डरने वाले।
हम 'देश का X-Ray' कर के रहेंगे क्योंकि इसके बिना समस्याओं का सही इलाज नहीं हो सकता है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उद्देश्य है 5 न्याय और सामाजिक न्याय उनमें से एक है। यह हमारा संकल्प है और हम हर हाल में इसे पूरा करेंगे, हमें नीतीश जी की कोई ज़रूरत नहीं है।

**नॉलेज कॉर्नर:** पूरे उत्तर भारत में सर्दी चरम पर

# कोल्ड डे और कोल्ड वेव में क्या है अंतर!

पूरे उत्तर भारत में सर्दी चरम पर है। मौसम विभाग की ओर से हरदिन मौसम का अपडेट जारी किया जाता है। इंडिया मेटेओरोलॉजिकल डिपार्टमेंट (IMD) ने हाल ही में कई जिलों में कोल्ड वेव यानी शीत लहर का अलर्ट जारी किया है। वहीं कई राज्यों में कोल्ड डे और सीवियर कोल्ड डे का अलर्ट है। कई लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि कोल्ड डे आखिर सर्दी के आम दिन से कैसे अलग होता है। कुछ इसी तरह का सवाल कोल्ड वेव के बारे में भी होता है। दरअसल, इंडिया मेटेओरोलॉजिकल डिपार्टमेंट (IMD) ने ठंड के दिनों के लिए कोल्ड डे, सीवियर कोल्ड डे, कोल्ड वेव जैसे कैटेगरी बनाई हुई है। आइए आज समझते हैं कि कितने तापमान पर कोल्ड डे और कोल्ड वेव का अलर्ट जारी होता है।

### कैसे तय होती है चेतावनी!

कोई दिन कोल्ड डे है या सीवियर कोल्ड डे, ये उस दिन के तापमान और वहां की जियोग्राफी पर तय होता है। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों और पहाड़ी इलाकों के लिए अलग-अलग मानक बनाए हुए हैं। शीत लहर और गंभीर ठंडे दिन में तापमान इतना नीचे गिर जाता है जो मानव शरीर के लिए घातक साबित हो सकता है। IMD के मुताबिक, मैदानी इलाके में 'कोल्ड डे' तब होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर होता है। इसके साथ ही, अधिकतम तापमान सीजन के सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे होता है। 'सीवियर कोल्ड डे' तब घोषित होता है जब अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज होता है।



### कैसे मापी जाती है कोल्ड वेव !

कोल्ड वेव मापने के एक से ज्यादा मायने हैं। जब मैदानी इलाके के किसी वेदर स्टेशन में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर रिकॉर्ड हो और यह तापमान सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस तक कम हो, तो उसे कोल्ड वेव कहा जाता है। सीवियर कोल्ड वेव में तापमान सामान्य तापमान से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम होता है। मैदानी इलाकों के लिए कोल्ड वेव और सीवियर कोल्ड वेव का एक और मापदंड है। इसके अनुसार, कोल्ड वेव की वार्निंग तब जारी होती है जब न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर होता है। सीवियर कोल्ड वेव में तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर पहुंच जाता है।

**कोल्ड डे और सीवियर कोल्ड डे**

*पहाड़ी इलाकों में उसे कोल्ड डे माना जाएगा जब न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर हो। सीवियर कोल्ड डे को घोषित करने के लिए उस दिन का अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज होना जरूरी है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

**लोकसभा चुनाव:** समाजवादी पार्टी ने 16 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की जारी

# मैनपुरी से डिंपल यादव लड़ेंगी चुनाव, बदायूं से धर्मेंद्र की वापसी

**एजेंसी** | लखनऊ

लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की पहली सूची जारी हो गई है।सपा ने 16 प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। सूची में यादव परिवार के डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव का भी नाम शामिल है।

अभी तक भाजपा समेत किसी ने भी प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को दोबारा उतारा गया है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश यादव, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनंद भदौरिया, उन्नाव से अन्नू टंडन को उतारा गया है।

इसके अलावा लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को टिकट दिया गया है। अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकरनगर को लालजी वर्मा, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी और गोरखपुर से काजल निषाद को मैदान में उतारा गया है।



### सपा ने लिया 60 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला

समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। यूपी की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें जयंत चौधरी की रालोद को दी गई है। 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि कांग्रेस की तरफ से इन सीटों को लेकर अभी तक न तो इनकार किया गया है और ना ही खुलकर गठबंधन की बात कही गई है। ऐसे में सपा और कांग्रेस के गठबंधन पर असमंजस की स्थिति है।

### भाजपा को यूपी में रोकेगा 'इंडिया' गठबंधन

कुछ लोगों का कहना है कि दोनों दलों में अंदरखाने बात हो गई है। इसी को देखते हुए सपा ने प्रत्याशियों का ऐलान किया है। ऐसे में अब इन प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा समय मिल जाएगा। जो भी हो, सूची के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। सपा प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने सूची जारी होने के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा को यूपी में रोकेगा। उनका विजय रथ यूपी से शुरू हुआ है और यहीं पर रुकेगा।

### पहले बसपा के साथ किया था गठबंधन

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा ने बसपा के साथ गठबंधन किया था। तब 80 में से भाजपा को 62, बसपा को 10, सपा को 5 सीटें मिली थीं। अपना दल ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी। सपा की हालांकि अब तीन ही लोकसभा सीटें हैं। पांच में से दो सीटें भाजपा ने उपचुनाव में सपा से छीन ली हैं। आजमगढ़ में अखिलेश यादव के इस्तीफे के बाद भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीते हैं।

## लालू यादव के साले के घर पर चिपका इश्तेहार



**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के साले एवं पूर्व सांसद सुभाष यादव के कौटिल्य नगर विधायक कॉलोनी स्थित निजी आवास पर मंगलवार को बिहटा थाने की पुलिस ने इश्तेहार वारंट चस्पा कर दिया। बिहटा थाने की पुलिस के साथ एयरपोर्ट पुलिस भी थी।पुलिस ने ढोल-नगाड़ा के साथ इश्तेहार को उनके आवास पर चिपकाया और निकल गई। अगर 30 दिन के अंदर में सुभाष यादव हाजिर नहीं होते हैं तो फिर उनकी संपत्ति की कुर्की-जब्ती कर दी जाएगी। गौरतलब है कि नेऊरा की सात कट्ठा जमीन के मामले को लेकर बेला गांव निवासी भीम शर्मा ने बिहटा थाना में मामला दर्ज कराया था

## लखनऊ में रन फॉर ओपीएस का आयोजन 4 को

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन बहाली लोकसभा चुनाव 2024 में भी बड़ा मुद्दा बनेगा। 30 अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली कर चुका अटेवा पेंशन बचाओ मंच और नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन अब 4 फरवरी को लखनऊ में रन फॉर ओपीएस का आयोजन करेगा। अटेवा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न आयोजन भी शुरू कर दिए गए हैं। इसके तहत मतदाता एवं पेंशन जागरूकता मार्च हर जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। इसमें शिक्षक/कर्मचारी व अधिकारी के साथ-साथ समाज के अन्य प्रबुद्ध वर्ग को मुद्दों से जोड़ा गया और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

**आज से शुरू होगा संसद का बजट सत्र**

# बजट सत्र से पहले हुआ 146 सांसदों का सस्पेंशन वापस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा। इससे पहले सदन से निलंबित सभी सांसदों का सस्पेंशन वापस ले लिया गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को यह जानकारी साझा की।

गौरतलब है कि शीतकालीन सत्र के दौरान नियमों के उल्लंघन को लेकर लोकसभा और राज्यसभा से विपक्ष के 146 सांसदों को सस्पेंड किया गया था।

सस्पेंशन रद्द करने के सवाल पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सभी निलंबन वापस लिए जाएंगे। इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति से चर्चा की है। सस्पेंशन रद्द करना अध्यक्ष और सभापति के क्षेत्राधिकार में आता है।

इसलिए दोनों से अनुरोध किया है कि वे विशेषाधिकार रखने वाली समितियों से बात कर सांसदों (निलंबित) को सदन में आने का मौका दें। लोकसभा अध्यक्ष और सभापति इस पर सहमत हैं। बुधवार से सांसदों का निलंबन खत्म होगा।



### कल छठवीं बार बजट पेश करेंगी सीतारमण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट पेश होना है। इसी के साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को छठवीं बार बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू होगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह आखिरी बजट होगा। यह बजट सत्र 9 फरवरी तक चलेगा।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

इस सत्र के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पिछले सत्र में जिस तरीके से सुरक्षा में चूक देखी गई थी। उसे लेकर कड़े कदम उठाए गए हैं। बजट सत्र में विजिटर्स की जांच के लिए नए नियम लागू बनाए गए हैं। दर्शकों को पहले संसद में विजिट के लिए ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। इसकी मंजूरी मिलने के बाद फोन पर एक QR कोड दिया जाएगा जो मोबाइल पर आएगा। मोबाइल पर आए हुए क्यूआर कोड का प्रिंट आउट दर्शकों को अपने साथ लाना होगा। इसके साथ ही दर्शक को अपना आधार कार्ड भी लाना होगा।

### सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

संसद के बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा। यह मौजूदा सरकार का आखिरी सत्र भी होगा। इससे पहले मंगलवार को बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने संसद भवन परिसर में एक सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें कई पार्टियों के नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मीटिंग में सरकार का नेतृत्व किया। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, डीएमके से टीआर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के एसटी हसन, जेडीयू नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के जयदेव गल्ला शामिल हुए। संसद सत्र की शुरुआत से पहले ऑल पार्टी मीटिंग बुलाने की परंपरा रही है। इस दौरान अलग-अलग पार्टियों के नेता मुद्दों पर चर्चा करते हैं, जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं। इस दौरान सरकार की ओर से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सहयोग मांगा जाता है।

**लैंड फॉर जॉब केस में पूछे 60 सवाल**

# ED ने तेजस्वी से की 8 घंटे तक पूछताछ

**एजेंसी** | पटना

तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में 2004 से 2009 के बीच हुए जमीन के बदले नौकरी मामले में उनके बेटे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव से करीब आठ घंटे तक पूछताछ हुई। पटना स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे तेजस्वी पहुंचे। कार्यालय के अंदर उन्हें अकेले प्रवेश की अनुमति मिली। गेट तक उनकी पार्टी के नेता और समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। अंदर जाने के बाद भी समर्थक



नारेबाजी करते रहे। करीब 8 घंटे की लंबी पूछताछ में उनसे लालू प्रसाद के मुकाबले अधिक प्रश्न पूछे गए। 65 से अधिक प्रश्न पूछे गए, जिसमें उनके नाम से दिल्ली एवं पटना में मौजूद संपत्ति से लेकर उनके निदेशक मंडल वाली निजी कंपनी में निवेश से जुड़े अधिकांश सवाल शामिल थे।

### कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

राजद नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव के पहले भाजपा इस तरह की कार्रवाई विभिन्न जांच एजेंसियों के माध्यम से करवाती है। ईडी कार्यालय गेट पर राजद कार्यकर्ता सिर पर टोपी लगाए पार्टी झंडा के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी थीं। इसके पहले बैंक रोड में भीड़ के कारण जाम की स्थिति बनी रही। तेजस्वी के बड़े मामा प्रभुनाथ यादव भी धरने पर जमे रहे। 12 बजे से ही यहां डटे हुए हैं।

### पहले भी हो चुकी पूछताछ

जमीन के बादले नौकरी मामले में तेजस्वी प्रसाद यादव से 11 अप्रैल 2023 को 8 घंटे से अधिक समय तक ईडी अपने दिल्ली स्थित मुख्यालय में पूछताछ कर चुकी है। इसके बाद मई में दिल्ली में पूर्व सीएम राबड़ी देवी से करीब साढ़े 5 घंटे तक पूछताछ हुई थी। इससे पहले उनकी बेटियां सांसद मीसा भारती, चंदा यादव और रागिनी यादव से भी लंबी पूछताछ के बाद इनका बयान दर्ज किया गया था।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में** हुई मीटिंग में लिया निर्णय

# नीतीश सरकार 10 फरवरी को साबित करेगी बहुमत

■ NDA ने 28 जनवरी को ही अविश्वास प्रस्ताव दिया था

**एजेंसी** | पटना

नीतीश सरकार 10 फरवरी को ही विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त करेगी। इसके लिए सभी तैयारी शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री आवास में



हुई इस बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा मौजूद थे। पहले विधानमंडल का सत्र 12 फरवरी से होने की चर्चा थी। दरअसल, मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष अवध विहारी चौधरी के खिलाफ एनडीए ने 28 जनवरी को ही अविश्वास प्रस्ताव दिया है। ऐसे में नियमानुसार 14 दिनों के बाद ही विधानमंडल का सत्र आहूत किया जा सकता है, इसीलिए 10 फरवरी का दिन तय किया गया है। इसके बाद आगे बजट सत्र होगा। इसकी प्रक्रिया अलग से चलाई जाएगी। यह 12 फरवरी से आगे चलाया जा सकता है।

**झारखंड में फिर** तेज हुई सियासी हलचल

# जमीन घोटाले में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री

**एजेंसी** | रांची

झारखंड में फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। सीएम हाउस में मंगलवार रात गठबंधन के विधायकों की फिर से बैठक हुई। इससे पहले जमीन घोटाले में घिरे झारंखड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुनम अर्पित किए। उन्होंने सोशल मीडिया में तस्वीरें शेयर कर लिखा- बापू के विचार हमें प्रेरणा देते रहेंगे। लड़े हैं, लड़ेंगे, जीते हैं, जीतेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास पर सीएम सोरेन की अध्यक्षता में मंत्री और विधायकों की बैठक हुई। सोरेन को डर है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा। बुधवार को वे प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों के सामने बयान दर्ज कराएंगे।



### सीएम ने अफसरों को बुलाया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमीन घोटाले को लेकर उनके ठिकानों पर छापेमारी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय को एक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने बुधवार को दोपहर 1 बजे सीएम आवास पर एजेंसी के अधिकारियों के सामने बयान दर्ज कराने की बात कही है। हालांकि, हेमंत सोरेन ने ईडी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा- इस समय उनसे पूछताछ करना राजनीतिक साजिश है।

### दिल्ली आवास से जब्त किए थे 36 लाख रुपए

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 29 जनवरी को मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की थी, लेकिन इससे पहले ही हेमंत सोरेन कहीं निकल गए थे। तलाशी के बाद जांच एजेंसी ने उनकी बीएमडब्ल्यू कार और 36 लाख रुपए कैश जब्त किए। रांची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के आवास, राजभवन और ईडी कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लगाई गई है।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा: पूर्णिया रैली में बिहार सीएम को घेरा**

# नीतीश के यू-टर्न पर राहुल ने तोड़ी चुप्पी, चुटकुला सुना कसा तंज

**एजेंसी** | पूर्णिया

नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़कर एनडीए में जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने दो टूक कहा कि बिहार को नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत पूर्णिया में रैली करते हुए नीतीश कुमार पर अटैक किया। कांग्रेस नेता ने एक चुटकुला सुनाकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसा। राहुल ने कहा कि उन पर जरा भी दबाव पड़ता है तो वे यू-टर्न ले लेते हैं। नीतीश कुमार बीच में फंस गए हैं और बीजेपी ने उन्हें निकलने का रास्ता दे दिया है।




### 'थोड़ा सा दबाव पड़ता है, यू-टर्न ले लेते हैं नीतीश'

राहुल गांधी ने पूर्णिया रैली में एक चुटकुला सुनाते हुए कहा कि आपके चीफ मिनिस्टर नीतीश कुमार शपथ लेते हैं तो खूब तालियां बजती हैं। बड़ा धूमधाम था। नीतीश शपथ लेते हैं मुख्यमंत्री का, उनके कुछ मंत्री भी शपथ लेते हैं। इसके बाद नीतीश कुमार सीएम हाउस की ओर निकल जाते हैं। फिर पता चलता है कि वो अपना शॉल राजभवन में छोड़ आए। वो लेने जाते हैं तो राज्यपाल भी कहते हैं, इतनी जल्दी वापस आ गए। ये हालत है बिहार की। थोड़ा सा दबाव पड़ता है तो यू-टर्न ले लेते हैं।

### बिहार को नीतीश की जरूरत नहीं


राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना हमारे गठबंधन की जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें नीतीश जी की जरूरत नहीं है। मैंने उनसे सीधे कहा कि आपको बिहार में जातीय जनगणना करानी होगी। जब हमने नीतीश जी से सर्वे कराने पर जोर दिया तब बीजेपी डर गई। बीजेपी इसके विरोध में है। नीतीश जी फंस गए और बीजेपी ने उन्हें भागने के लिए रास्ता उपलब्ध करा दिया।

### मखाने के गणित में जब उलझ गए राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय से बड़ी कोई बात नहीं है। देश का भविष्य चाहते हैं तो यह जनता को देनी ही पड़ेगी। उन्होंने साफ कहा कि यह प्रदेश हजारों साल से सामाजिक और आर्थिक न्याय का रास्ता दिखा रहा है। उन्होंने आर्थिक न्याय की चर्चा करते हुए मखाना का उदाहरण देते हुए कहा कि मखाना के किसानों को उचित कीमत नहीं मिल पा रहा है। हालांकि इसी दौरान अमेरिका में मखाने की कीमत को लेकर उनका गणित गड़बड़ा गया। जिसके लिए उन्होंने माफी भी मांगी। राहुल गांधी इन दिनों अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में बिहार में हैं। मंगलवार को उन्होंने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को संबोधित किया।

## जरूरी खबर

### छह सोने के बिस्कुटों के साथ तस्कर अरेस्ट



**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमांत के जवानों ने उत्तर 24 परगना जिले में एक बार फिर तस्करी को नाकाम कर छह सोने के बिस्कुटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने मंगलवार को बताया कि 112वीं वाहिनी की सीमा चौकी ताराली-1 के जवानों ने उस वक्त तस्कर को दबोचा जब वह बांग्लादेश से भारत में सोने की तस्करी का प्रयास कर रहा था। जब्त सोने का वजन 686 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 44.32 लाख रुपए से अधिक है।

### अयोध्या के लिए कल से शुरू होंगी आठ नई उड़ानें

**नई दिल्ली।** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रोजाना लाखों की संख्या में भक्त रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सड़क मार्ग के अलावा लोग हवाई मार्ग से भी अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे हैं। भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली सहित कुल 8 जगहों से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट अयोध्या के लिए एक फरवरी से दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, पटना, दरभंगा, मुंबई और बेंगलुरु से आठ उड़ानें शुरू करेगी। नागर विमानन मंत्री इसका शुभारंभ करेंगे।

### जमीन विवाद में चचेरे भाई के हत्यारे को फांसी



**चाईबासा।** झारखंड में चाईबासा की अदालत ने हत्या के दोषी सालुका हेंब्रम को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही एक लाख का जुर्माना भी लगाया। ये मामला 2019 का है। जमीन विवाद में चचेरे भाई की हत्या के आरोपी को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ल की अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। मंगलवार को कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर फैसला सुनाते हुए एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया। ये घटना 11 सितंबर, 2019 की है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थानांतर्गत आराहासा गांव के डांगुरसाई निवासी रामधन हेंब्रम की दाउली से काटकर हत्या कर दी गई थी।

## घाटी में बर्फबारी का सैलानियों ने उठाया लुत्फ




*श्रीनगर। कुदरत ने कश्मीर घाटी को बेहद खूबसूरत बनाया है, इसीलिए इसे जन्नत बेनजीर के नाम से भी जाना जाता है। इन दिनों इस खूबसूरत कश्मीर घाटी में हो रही बर्फबारी से हजारों सैलानी कश्मीर में प्रवेश कर चुके हैं। गुलमर्ग और पहलगाम में पर्यटक बर्फ का लुत्फ उठाने के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा घरेलू पर्यटक सोनमर्ग में भी बर्फ का लुत्फ उठा रहे हैं।*

### गुलमर्ग-सोनमर्ग समेत घाटी में अच्छी बर्फबारी

**श्रीनगर/जम्मू।** कश्मीर में बर्फबारी ने पर्यटन क्षेत्र में खुशी ला दी है। पर्यटक नहीं, पर्यटन उद्योग से जुड़े स्थानीय लोगों में गदगद हैं। इस खुशी को तब और ऊष्मा मिल गई जब पसंदीदा पर्यटन स्थल गुलमर्ग और सोनमर्ग में भी हिमपात हो गया। इन स्थानों समेत कश्मीर के अधिकांश ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में वर्षा हुई है। श्रीनगर जिले में भी ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ। किश्तवाड़ के पहाड़ों पर भी बर्फ गिरी है, जिससे अनंतनाग-किश्तवाड़ मार्ग बंद हो गया। राजौरी-पुंछ के रास्ते कश्मीर को जोड़ने वाला मुगल बर्फ जमी होने के चलते चार दिन से बंद है। घाटी में अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से ऊपर आ गया है। मौसम विज्ञानियों ने कुपवाड़ा, बांडीपोरा, बारामुला, गांदरबल, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिले में भारी बर्फबारी की संभावना जताई है।


इंडियन नेवी का 24 घंटे में दूसरा बड़ा ऑपरेशन

# हथियारबंद समुद्री लुटेरों से 19 पाकिस्तानियों की बचाई जान

एजेंसी | नई दिल्ली

इंडियन नेवी ने 24 घंटे के भीतर दूसरा बड़ा सफल ऑपरेशन किया है। सोमवार को कोच्चि के तट से लगभग 800 मील दूर सोमालिया के पास असलहाधारी समुद्री डाकुओं ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नईमी को हाइजैक कर लिया। इसकी सूचना जैसे ही इंडियन नेवी के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मिली तो तत्काल राहत पहुंचाई गई। मरीन कमांडो ने ऑपरेशन में हिस्सा लिया। जहाज पर 19 पाकिस्तानी क्रू मेंबर्स सवार थे। बीते 24 घंटे में नेवी का यह दूसरा सफल अभियान था, जब डकैतों से जहाज को मुक्त कराया गया। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र के चारों ओर तैनात हैं।





### एक दिन पहले भी छुड़ाया था जहाज

अरब सागर में अदन की खाड़ी पास सोमवार को सोमालिया के डकैतों ने एक फिशिंग शिप इमान को हाइजैक कर लिया था। वॉरशिप आईएनएस सुमित्रा ने रेस्क्यू को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। शिप इमान ने समुद्री डकैतों का शिकार होने के बाद संकट में होने का मैसेज जारी किया था। यह संदेश आईएनएस सुमित्रा को मिला। आईएनएस सुमित्रा हेलिकॉप्टर से लैस होकर मौके पर पहुंचा था। लाउड स्पीकर के जरिए डाकुओं को चेतावनी दी गई। आखिरकार डाकुओं ने जहाज को छोड़ दिया। इस जहाज पर 17 क्रू मेंबर्स सवार थे।

### 344 फुट लंबा युद्धपोत है आईएनएस सुमित्रा

आईएनएस सुमित्रा 344 फुट लंबा युद्धपोत है। इसके बीम की ऊंचाई 43 फुट है। यह समुद्र में 46 किमी की अधिकतम स्पीड से चल सकता है, लेकिन इसकी गति 30 किमी प्रति घंटे कर दी जाए तो इसकी रेंज 11 हजार किमी है। इसमें 8 अधिकारी और 108 नौसैनिक तैनात रह सकते हैं। इसमें 76 एमएम की सुपर रैपिड गन लगी है। इसके अलावा इसमें क्लोज इन वेपन सिस्टम, शैप लॉन्चर्स हैं। इस पर एक HAL ध्रुव और एक HAL चेतक हेलिकॉप्टर तैनात हो सकता है। आईएनएस सुमित्रा ने 2015 में यमन से 350 भारतीय नागरिकों को बचाया था।

## नक्सलियों से मुठभेड़ में तीन जवान हुए शहीद, 14 घायल

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ में सुकमा-बीजापुर सीमा पर एक घटना में नक्सलियों के साथ गोलीबारी के दौरान तीन जवान शहीद हो गए और 14 जवान घायल हो गए। घटना उस समय की है जब एक संयुक्त सुरक्षा दल तेकलगुडेम गांव के पास तलाशी अभियान चला रहा था। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के अनुसार तीन जवानों को गोली लगी और 14 जवानों को चोटें आईं। इसके बाद इन सभी को जंगल से तुरंत निकाला गया। यह झड़प एक नियमित तलाशी अभियान के



दौरान हुई। इसमें क्षेत्र में कर्मियों के सामने लगातार सुरक्षा चुनौतियों पर जोर दिया गया। इससे पहले सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में दो आईईडी की खोज करके एक संभावित त्रासदी को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 5 किलोग्राम और 3 किलोग्राम वजन के विस्फोटक उपकरणों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। नियमित गश्त गतिविधियों के दौरान सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के इरादे से आईईडी को रणनीतिक रूप से मिट्टी की पटरियों पर रखा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान क्षेत्र से गुजरने वाले सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए मिट्टी की पटरियों पर विस्फोटक लगाए गए थे। बमों को बाद में बम निरोधक दस्ते द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया।

## मणिपुर में दो लोगों की हत्या, पांच हुए घायल

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में मंगलवार को दो समूहों के बीच ताजा गोलीबारी में दो जनों की मौत हो गई, जबकि पांच जने घायल हो गए। घायलों में एक भाजयुमो का एक नेता भी शामिल है। इसके अलावा एक व्यक्ति लापता भी बताया जा रहा है। घटना इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर लमशांग क्षेत्र के कडांगबंद गांव के पास स्थित कैंप में हुई। अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला किया तो विलेज वालेंटियर्स ने जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई के बाद हमलावर पीछे हट गए।



इसके बाद एकत्र होकर फिर से हमला किया। इसके बाद काफी देर तक गोलीबारी हुई। हिंसा के बाद इंफाल घाटी के कडांगबैंड, कौट्रुक और कांगचुप गांवों में रहने वाले लोग के घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गए।

BJP नेता के मर्डर केस में फैसला

# पीएफआई के 15 लोगों को मिली सजा-ए-मौत

■ 156 गवाहों ने अदालत में दर्ज कराया था बयान



एजेंसी | अलप्पुझा (केरल)

केरल में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन हत्याकांड में मावेलिक्करा अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने मंगलवार को तीन साल बाद फैसला सुनाया। अदालत ने इस हत्याकांड में दोषी पाए गए 15 दोषियों को मौत की सुनाई है।

सभी दोषी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े हुए हैं। अदालत ने सभी को शनिवार को दोषी करार दिया था। राजनीतिक रूप से संवेदनशील रहे इस मामले में मावेलिक्करा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी.जी.श्रीदेवी ने सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया और 22 जनवरी को सजा सुनाने का फैसला किया था। हालांकि, मंगलवार को मावेलिक्करा अदालत ने मामले पर दोषियों को सजा सुनाई है। इस फैसले से परिवार काफी खुश है।

मामले में अभियोजन पक्ष के 156 गवाहों ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष ने अदालत में लगभग 1,000 दस्तावेज और 100 साक्ष्य जमा किए थे।

### हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे 8 लोग

फैसले के अनुसार, दोषियों में नवाज, अनूप, सफरुद्दीन, मुनशाद, मुहम्मद असलम, सलाम पोन्नद, शमीर, नसीर, जाकिर हुसैन, जसीब राजा, शाजी पूवाथिंकल, शेरनाज अशरफ, निज़ाम, अजमल और अब्दुल कलाम को फांसी की सजा दी गई। इनमें से 8 भाजपा नेता रंजीत के घर में घुसकर हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे, जबकि अन्य आरोपियों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप पाया गया। अदालत ने घोषणा की कि सभी आरोपी मौत की सजा के पात्र हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम कड़े किए गए हैं। अदालत के आसपास पुलिस तैनात की गई है। आरोपियों को भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट लाया गया। अभियोजन पक्ष ने हत्याकांड को जघन्य बताते हुए अदालत से दोषियों को अधिकतम सजा देने की अपील की थी।

### पत्नी और मां के सामने की गई थी श्रीनिवासन की बेरहमी से हत्या

रंजीत श्रीनिवासन केरल में भाजपा के ओबीसी मोर्चा के सचिव थे। पेशे से वकालत भी करते थे। 19 दिसंबर, 2021 को अलाप्पुझा नगर पालिका के वेल्लाकिनार स्थित घर पर रंजीत श्रीनिवासन की पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। श्रीनिवासन को उनकी मां और पत्नी की आंखों की सामने मारा गया था। श्रीनिवासन की हत्या एसडीपीआई के राज्य सचिव केएस की हत्या का बदला लेने के लिए की गई जवाबी कार्रवाई थी।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव

# हार पर बिलबिलाई AAP, केजरीवाल का BJP पर बेईमानी का आरोप

एजेंसी | चंडीगढ़

चंडीगढ़ के महापौर पद का चुनाव भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने जीत लिया। उन्होंने कांग्रेस समर्थित आम आदमी पार्टी प्रत्याशी कुलदीप कुमार को हरा दिया। सोनकर को 16 वोट मिले, जबकि कुलदीप कुमार के पक्ष में 12 मत आए। वहीं, आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल आप और कांग्रेस के पार्षदों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में आप के राष्ट्रीय



संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिनदहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वो बेहद चिंताजनक है। यदि एक मेयर चुनाव में ये लोग इतना गिर सकते हैं तो देश के चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। ये बेहद चिंताजनक है।

### राघव चड्ढा ने भी निकाली भड़ास

आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने भी मीडिया से बात करते हुए इसे बीजेपी की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव के दौरान हमने जो कुछ भी देखा वह न केवल असंवैधानिक है बल्कि देशद्रोह है। चड्ढा ने कहा कि चुनाव में हमने जो अवैधता देखी उसे देशद्रोह ही कहा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक गठबंधन, एक गठबंधन या एक पार्टी के लिए झटका नहीं है। यह भारत के लोकतंत्र के लिए झटका है। हम व्यथित और आहत हैं और हम चिंतित हैं कि क्या होगा.. क्या आगामी 2024 के चुनावों में ऐसा होगा। यदि भाजपा इतने निम्न स्तर का सहारा ले सकती है और जालसाजी और अवैधता कर सकती है, तो बीजेपी चुनाव प्रक्रिया में धांधली करने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है।

### कोर्ट के आदेश के बाद हुआ चुनाव

मेयर चुनाव के लिए मतदान 18 जनवरी को होना था, लेकिन पीठासीन अधिकारी के बीमार पड़ने के बाद चंडीगढ़ प्रशासन ने इसे छह फरवरी तक के लिए टाल दिया था. प्रशासन ने उस समय भी कहा था कि कानून-व्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के बाद चुनाव स्थगित कर दिया गया था। चुनाव टालने के प्रशासन के आदेश पर कांग्रेस और आप पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ के उपायुक्त के चुनाव टालने के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने 24 जनवरी के अपने आदेश में चंडीगढ़ प्रशासन को 30 जनवरी को सुबह 10 बजे महापौर पद के लिए चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

### रो पड़े आप प्रत्याशी कुलदीप



चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद आप के चंडीगढ़ मेयर उम्मीदवार कुलदीप कुमार को गहरा झटका लगा है। नतीजे से हैरान कुलदीप फूट-फूटकर रोने लगे। दूसरे पार्षदों ने उन्हें चुप कराने की काफी कोशिश की। गौरतलब है कि चंडीगढ़ नगर निगम में 35 सदस्यीय सदन में भाजपा के 14 पार्षद हैं। आप के 13 और कांग्रेस के सात पार्षद हैं। शिरोमणि अकाली दल का एक पार्षद है।

## लुइस ब्रेल फेस्टिवल में नाटक 'दिव्य दृष्टि' का मंचन

# आम इंसान जो कर सकता है नेत्रहीन भी वह करने में सक्षम

बेधड़क | जयपुर

एक गांव के लोग मानते हैं, कि नेत्रहीन बच्चा पैदा होना अभिशाप है। नेत्रहीन धरती का बोझ है। ऐसे में इन लोगों की खूबियों को कलाकारों ने अभिनय के जरिए दर्शाते हुए संदेश दिए तो माहौल भावुक हो गया। मौका था संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 2 दिवसीय "लुइस ब्रेल फेस्टिवल' के समापन का, जो रवींद्र मंच पर हुआ।

समारोह के पहले दिन आयोजक संस्था द्वारा लुई ब्रेल जयंती पर नेत्रहीन स्कूल में दृष्टिबाधित सुगम संगीत कार्यक्रम का स्वग्रही प्रस्तुति के रूप में आयोजन किया गया, जिसमें देख सकने वाले प्रोफेशनल गायकों के साथ ही नेत्रहीन गायक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं।



### 45 दिन में तैयार हुआ नाटक

नाटक "दिव्य दृष्टि" के निर्देशक ने बताया, कि 45 दिवसीय कार्यशाला में तैयार नाटक मंचन का मूल संदेश आम इंसान कर सकता है वही नेत्रहीन भी कर सकता है रहा। तथा नाटक के अंतिम दृश्य में गांव के नेत्रहीन की बारात का दृश्य बेहद खूबसूरत व रोमांचित करने वाला रहा। कार्यशाला के दौरान कलाकारों ने नेत्रहीन बच्चों के साथ समय बिताकर उनके जीवन का दर्शन किया। नेत्रहीन व्यक्ति अपने जीवन के बारे में क्या सोचता है, लुइस ब्रेल ने नेत्रहीनों के पढ़ने के लिए ब्रेल लिपि का आविष्कार नहीं किया होता तो क्या होता आदि विषयों को ध्यान में रखकर "दिव्य दृष्टि' को डिजाइन किया गया।



### इन्होंने किया अभिनय

नाटक में नरेंद्र सिंह बबल, विनय यादव, लोचन हांडा, विनोद कुमार, ऋषभ सिंह, सोनू शर्मा, कुशाल राही, वीर सराधना, चेतन प्रकाश, अर्जुन सिंह आदि ने उम्दा अभिनय किया। नरेंद्र सिंह बबल द्वारा मंच सज्जा की गई। मंच संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी हिमांशु झांकल, लाइट डिजाइन अतुल श्रीवास्तव व संगीत संचालन घनश्याम शर्मा ने किया। समारोह के व्यवस्थापक के के कोहली ने बताया, कि नेत्रहीनों के जीवन पर डॉ. आशुतोष द्वारा कहानी लिखी गई।



## 32 निशुल्क नेत्र ऑपरेशन



**बेधड़क. जयपुर।** निशुल्क मोतियाबिंद जांच नेत्र लेंस प्रत्यारोपण व दंत चिकित्सा शिविर में छाबड़ा हॉस्पिटल के डॉ. जैनेन्द्र जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुभाष यादव, दंत चिकित्सक डॉ. संजय यादव, फिजिशियन डॉ. अशोक यादव व डॉ. मोहन यादव ने निशुल्क जांच की। ग्राम पंचायत भादवाड़ी में मणि देवी धर्मपत्नी दयाराम पटवारी की पुण्यतिथि पर हुए आयोजन में मनोज कुमार यादव ने बताया कि विधायक प्रतिनिधि सुनीता मील ने कैंप की शुरुआत की। 232 लोगों को निशुल्क दवाई और चिकित्सा सेवाएं दी गईं, जिसमें 170 नेत्र, 45 दांतों से संबंधित, 17 सामान्य रोगी आए। 32 लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद और नेत्र लेंस ऑपरेशन किया गया। पार्षद दिनेश कांवट और पंचायत समिति सदस्य विष्णु बंसल के साथ बीरबल यादव, बनवारी शर्मा, हेमचंद, रामअवतार बड़सरा, गुलजारी सामोता, रंगलाल स्वामी, सांवत पंच, बनवारी यादव, बोदूराम यादव, मालीराम, आनंद सैनी सहित मौजूद रहे।

## थाली होगी और भी हेल्दी

**बेधड़क. जयपुर।** इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज (आईएसएलएस) और राजस्थान विश्वविद्यालय के ईसीएच इन्क्यूबेशन सेंटर की ओर से बुधवार से 5 फरवरी तक जयपुर न्यूट्रीफेस्ट का आयोजन किया जाएगा। छह दिवसीय फूड फेस्टिवल एंड नेचुरल प्रोडक्ट एक्सपो जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में 100 से अधिक स्टॉल्स, न्यूट्री टॉक में एक्सपर्ट के साथ होगा। इनमें ऑर्गेनिक फूड, मिलेट्स, स्टार्टअप, हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट्स, फूड और फार्मिंग इनोवेटर्स शामिल होंगे। न्यूट्री टॉक सेशन में पर्यावरण संरक्षण, कृषि, स्टार्टअप, नवाचार, उद्यमिता, न्यूट्रिशन आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे।

## मैराथन की 'मशाल' जली



**बेधड़क. जयपुर।** मैराथन के लिए टॉर्च सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ल्ड ट्रेड पार्क चेयरमैन अनूप बरतरिया, मैराथन आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा, उप-महापौर पुनित कर्णावट, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, चीफ कंप्लायंस ऑफिसर अशोक कुमार खंडेलवाल, आवास फाइनेंसर्स के चीफ कंप्लायंस ऑफिसर शरद पाठक, जीए इंफ्रा डायरेक्टर सुदर्शन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। इस दौरान मैराथन की मशाल बच्चों के हाथों में थमा कर रवाना किया गया। मैराथन में 'लार्जेस्ट ग्रुप ऑफ रनिंग वियरिंग जय श्री राम टी-शर्ट' और "चीयरिंग ग्रुप ऑफ मैक्सिमम पिपल' कैंपेन के तहत दो विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास होगा। इसमें 42 और 21 किमी की हाफ मैराथन के अलावा 10 व 5 किमी और 6 किमी की ड्रीम रन होगी।

## City इवेंट्स

### वैष्णव जन तो तेने कहिये जो पीर पराई जाने रे



**बेधड़क, जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर भजन व देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति से जयपुराइट्स रोमांचित हो गए। केन्द्र की पहल नौनिहाल के तहत कार्यक्रम में 10 से 16 वर्ष के कलाकारों ने महात्मा गांधी को स्वरांजलि अर्पित की। नन्हें कलाकारों ने सधे स्वरों में न केवल भजनों से साम्प्रदायिक सद्भावना के संदेश को प्रसारित किया, बल्कि गीतों से स्वतंत्रता संग्राम में बापू के योगदान का बखान किया गया। गुरु वंदना के साथ प्रस्तुति का आगाज हुआ। अंतरा चौधरी, पारूल उमरवाल, सौम्या कुशवाहा, वंदना राव ने 'रघुपति राघव राजा राम' के साथ प्रस्तुति को आगे बढ़ाया। वंदना राव व पूर्वी चौधरी ने "वैष्णव जन तो तेने कहिये' गाकर आध्यात्मिक शांति का एहसास कराया। मानवीत दीक्षित, मृत्युंजय जोशी, किरण कौर समेत अन्य बच्चों ने कैलाश सौमा रचित गीत, "बापू तेरी अमिट कहानी' और "मेरे देश का कण-कण पुकारे' प्रस्तुत किए। दोनों ही गीतों का संगीत श्याम प्रसाद चौधरी ने दिया। 'दे दी हमें आजादी', 'कभी न हिम्मत हारे बापू' गीत में कलाकारों ने गांधी के जज्बे को जाहिर किया। श्याम प्रसाद चौधरी ने हारमोनियम, शिल्पी चौधरी ने बांसुरी, निक्कु सिंह ने तबला, सत्यम कुशवाहा ने ढोलक, विक्की गौड़ ने ऑक्टोपैड, सौम्या कुशवाहा ने सिंथेसाइजर पर संगत की।

### तीनों वर्गों में राजस्थान बना चैंपियन



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में तृतीय नेशनल सॉफ्ट हॉकी चैंपियनशिप सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित हुई। मुख्य मेहमान गोपाल सैनी का रमेश सिंह सॉफ्ट हॉकी इंडिया के जनरल सेक्रेटरी ने माल साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ एडिशनल एसपी रहे। रमेश सिंह ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व अतिथियों के स्वागत किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सीनियर पुरुष वर्ग का राजस्थान व उड़ीसा के बीच खेला गया, जिसमें राजस्थान ने चैंपियनशिप का खिताब 3-1 से अपने नाम किया और तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश ने प्राप्त किया।

## 'रिफ' में टीनू आनंद ने शेयर की जर्नी

# OTT की वजह से हर कलाकार के घर में जल रहे हैं चूल्हे



बेधड़क | जयपुर

रिफ क्लब की ओर से जेम सिनेमा में राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की। अभिनेता, फिल्म निर्माता और निर्देशक टीनू आनंद आए और जर्नी शेयर की। कालिया, शहंशाह, दुनिया मेरी जेब में, मैं आजाद हूं जैसी फिल्मों को निर्देशित कर चुके टीनू लेखक जगदीप सिंह से मिले तो दोनों ने पुराने दिनों को याद किया। टीनू ने कहा, कि ओटीटी पर काम करने वाले नहीं जानते की इस मंच ने उन्हें सुपर स्टार बना दिया है। आज ओटीटी की वजह से हर कलाकार के घर में चूल्हे जल रहे हैं। इस मौके पर फिल्म शुद्धि का वर्ल्ड प्रीमियर किया गया। फिल्म को जेम्स हिगिन्सन ने डायरेक्ट किया है। सुनील पुरोहित के डायरेक्शन में बनी हेलमेट की स्क्रीनिंग में यूथ के साथ माणक चौक थाने के सीआई भूपेंद्र सिंह शामिल हुए। फिल्म यातायात के नियमों का पालन न करने पर दुर्घटना का शिकार होने पर आधारित है। साथ ही सिनेमा के माध्यम से पर्यटन निवेश व संस्कृति को बढ़ावा देने की थीम पर टॉक शो हुआ। शो में फिल्म अभिनेता व निर्देशक सुनील पुरनीक, अभिनेता नंदिश सिंह संधू, फिल्म डायरेक्टर जेम्स हिगिन्सन और फेस्टिवल डायरेक्टर व मॉडरेटर सोमेंद्र हर्ष मौजूद रहे।

## डॉक्टर्स प्रीमियर लीग में हुए रोचक मुकाबले

# डॉक्टर्स का शानदार प्रदर्शन जमकर लगाए चौके-छक्के




बेधड़क | जयपुर

धरती के भगवान जब क्रिकेट के ग्राउंड पर उतरे तो वहां भी उन्होंने अपना जलवा दिखाया। चौके-छक्के लगाने के साथ बॉलिंग में भी टैलेंट दर्शाया।

ये अनूठा नजारा था जयपुर डॉक्टर्स प्रीमियर लीग की ट्रॉफी लॉन्च के साथ क्रिकेट प्रीमियर लीग, जिसमें डॉक्टर्स सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित पहला मैच सोनी हॉस्पिटल और नव इम्पीरियल त्यागी आई केयर हॉस्पिटल के बीच खेला गया।

डीपीएल आयोजन कमेटी सदस्य डॉ. संजय पाहवा और डॉ. राजीव वशिष्ठ ने बताया, कि सोनी हॉस्पिटल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉ. नेहरा के 20 रन की मदद से 89 रन बनाए। जवाब में नव इंपीरियल-त्यागी आई केयर टीम ने लक्ष्य का पीछा डॉ. नटवर सिंह के 38 रन की मदद से 17 ओवर में कर मैच जीता लिया। डॉ. चिराग़ ने 3, डॉ. नटवर और डॉ. करुणा ने 2-2 विकेट लिए। डॉ. चिराग टंडन मैन ऑफ द मैच रहे। आयोजन के चीफ गेस्ट डॉक्टर सर्जन डॉ. पंकज जुत्शी ने मैन ऑफ द मैच दिया।

अगला मैच रॉयल ऑर्थो और देशबंधु दूरबीन के डॉक्टर्स के बीच खेला जाएगा, जिसमें कई रोमांचक मोड़ आए।

**पुरस्कार वितरण** | 34वीं अखिल भारतीय महेंद्र भट्ट स्मृति संगीत प्रतियोगिता

# अवॉर्ड हाथ में आए तो छलकी आंखें, प्रतिभागी सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

पूरे सप्ताह मेहनत करने के बाद जब प्राइज अवॉर्ड के रूप में हाथों में आए तो कोई भावुक तो कोई खुशी से झूम उठा। मानो सुर की साधना पूरी हो गई हो। ये अनूठा नजारा था दर्शक संस्था की 5 दिवसीय 34वीं अखिल भारतीय महेन्द्र भट्ट स्मृति संगीत व नृत्य प्रतियोगिता का। इसके समापन पर विजेता रहने वालों को सुर नूर गायन, सुर नूर वादन, सुर नूपुर नृत्य सहित कई अवॉर्डों से नवाजा गया। इसके अलावा हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व विशेष प्रोत्साहन सम्मान दिए गए।




### 25 हजार का नगद पुरस्कार खास

प्रतियोगिता में सिरमौर रहे विवेक बर्मन को मानद चेयरमैन रहे नील बहादुर सिंह कार्की की स्मृति में 25 हजार रूपए का नगद पुरस्कार उनके पुत्र मानद चेयरमैन ध्रुव कार्की और राशि सिंह कार्की ने दिया। इस छोटी सी प्रतिभा को सबने खूस सराहा और प्रोत्साहित किया।



### ये भी हुए सम्मानित

खास समारोह में किरण माथुर गायन अवॉर्ड कविता आर्य को, जी.एन. माथुर कला अवॉर्ड महक शर्मा को, रुनझुन पुरस्कार भावक्षी कला को, सुर नूपुर नृत्य अवॉर्ड तन्वी मालपानी, सुर नूर वादन कुलदीप कुमार राव, सुर नर्तकी अवॉर्ड हिया गोयल, कला अप्रिसिशन अवॉर्ड अक्षत सोनी, कला आल राउंडर तनिष्क श्रीवास्तव, ताल वाद्य सीनियर अवॉर्ड मानवेन्द्र डांगी तथा ताल वाद्य जूनियर अवॉर्ड वीर राहुल गुप्ता को दिए गए। सभी ने अपनी सक्सेस को साथियों को साथ सेलिब्रेट किया।



सफलता का अर्थ है बहुत धैर्यवान होना और समय आने पर आक्रामक होना।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## गैस पाइपलाइन परियोजना में प्रगति नहीं होने पर ईरान ने दिया नोटिस

# पाक को भरना पड़ेगा 18 अरब डॉलर का जुर्माना!

**एजेंसी** | एजेंसी

गैस पाइपलाइन परियोजना में प्रगति नहीं होने के चलते पाकिस्तान पर ईरान 18 अरब डॉलर का जुर्माना ठोकने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर ईरान ने पाकिस्तान को नोटिस पकड़ा दिया है।

पाकिस्तान के लिए जुर्माने की राशि, दोनों देशों के बीच चल रही मिसाइलों के वार से ज्यादा घातक साबित हो सकती है, क्योंकि आर्थिक बदहाली झेल रहे पाकिस्तान के लिए 18 अरब डॉलर की राशि बहुत ज्यादा है। दरअसल, ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना में पाकिस्तान काम नहीं कर रहा है।

इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ ईरान, इंटरनेशनल मध्यस्थता (International Arbitration) के लिए जा सकता है और इसके तहत पाकिस्तान पर 18 अरब डॉलर का जुर्माना लग सकता है। फिलहाल, एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की ओर से गैस पाइपलाइन परियोजना की समय सीमा 180 दिन बढ़ाकर सितंबर 2024 तक की गई है।

### पाकिस्तान ने यह दिया जवाब

ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना को लेकर पाकिस्तान का कहना है कि ईरान पर अमेरिका ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं, जिसकी वजह से परियोजना बाधित है। इसपर ईरान का कहना है कि अमेरिकी प्रतिबंध बताकर पल्ला झाड़ लेना उचित नहीं है। इराक और तुर्की लंबे समय से ईरान के गैस का प्रयोग कर रहे हैं, क्योंकि इरान और तुर्की ने अमेरिकी प्रतिबंधों पर छूट हासिल कर ली है।



### तनाव की वजह से टीम पहुंचने में देरी

जियो न्यूज ने पाकिस्तान के अधिकारियों के हवाले से कहा कि ईरान ने गैस पाइपलाइन परियोजना को पूरा करने के लिए अपनी कानूनी और तकनीकी टीम को भेजने की बात कही है। ईरान के विशेषज्ञ गैस पाइपलाइन परियोजना से जुड़ी बातचीत करने के लिए 21 जनवरी को पाकिस्तान आने वाले थे, लेकिन दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव बढ़ जाने की वजह से ये टीम अभी तक पाकिस्तान नहीं आ सकी है। रिपोर्ट के मुताबिक अब ईरान के एक्सपर्ट्स फरवरी के दूसरे सप्ताह में पाकिस्तान आएंगे। इस दौरान दोनों देशों की कोऑर्डिनेशन कमेटी इस परियोजना पर चर्चा करेगी। ईरान की टीम में अंतरराष्ट्रीय कानूनों के जानकार और इंजीनयरिंग के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### अब तक दिए तीन नोटिस

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2014 से ही इस परियोजना में देरी हो रही है। इसको लेकर ईरान की ओर से पाकिस्तान को अब तक तीन नोटिस दिए जा चुके हैं। ईरान ने आखिरी नोटिस करीब 25 दिन पहले दिया था। नोटिस में पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है कि अगर परियोजना पर काम नहीं होगा तो 18 अरब डॉलर का जुर्माना देने के लिए पाकिस्तान तैयार रहे।

## अमेरिका की हरकत का चीन ने किया विरोध

# छात्रों से दुर्व्यवहार पर सख्ती

**एजेंसी** | बीजिंग

अमेरिका में पढ़ाई के लिए आने वाले चीनी छात्रों से दुर्व्यवहार को लेकर चीन ने अमेरिकी प्रशासन को विरोध दर्ज कराया है।

चीन ने आरोप लगाया है कि कुछ छात्रों से घंटों पूछताछ की गई व उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की गई। कुछ मामलों में उन्हें जबरन वापस स्वदेश भेज दिया गया और उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया जो कि स्वीकार्य नहीं है। वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत शी फेंग ने कहा- 'पिछले कुछ महीनों में अमेरिका से बाहर जाने या अपने परिवार से मिलने घर जाने के बाद वापस स्कूल लौटने वाले दर्जनों चीनी छात्रों को अमेरिका में प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया।'



### छात्रों को जबरन वापस भेजा

शी फेंग ने कहा कि जब चीनी छात्र घर से वापस अमेरिका लौटे तो हवाई अड्डे पर अमेरिकी अधिकारियों ने उनसे आठ घंटे तक लंबी पूछताछ की गई। कुछ को जबरन वापस चीन भेज दिया गया और उनका प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। चीनी दूतावास की वेबसाइट के अनुसार, अमेरिका में 2 लाख 90 हजार चीनी छात्र पढ़ते हैं, यह संख्या देश में विदेशी छात्रों की एक तिहाई है।

### इधर, दोनों देशों के बीच 12 घंटे हुई वार्ता

व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच बैंकॉक में 12 घंटे तक बैठक हुई है। इस दौरान पिछले साल नवंबर में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच व्यापार, नारकोटिक्स समेत विभिन्न तनाव के मुद्दों पर हुई बातचीत के बाद प्रगति की समीक्षा की गई।

## वेस्ट बैंक अस्पताल में इजराइली सैनिकों का हमला

# अस्पताल में घुस 3 को उतारा मौत के घाट

**एजेंसी** | रामल्ला (वेस्ट बैंक)

गाजा में चल रहा इजराइल हमास युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक अस्पताल में तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इजराइली सैनिकों का कहना है कि ये लोग आतंकवादी हमले की योजना बना रहे थे। अलजजीरा



की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली कमांडो ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जेनिन के इब्न सिना अस्पताल में तीन लोगों को मार गिराया। ये कमांडो मेडिकल स्टाफ और नागरिकों के वेश में अस्पताल में घुसे थे। पुलिस और सेना का कहना है कि इनमें से दो लोग हालिया हिंसा की घटनाओं में शामिल थे। वहीं, मामले पर हमास का कहना है कि अस्पताल में हत्याएं गाजा से जेनिन तक हमारे लोगों के खिलाफ कब्जे के चल रहे अपराधों की निरंतरता है। गौरतलब है कि, हमास ने 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में एक हमला किया था। इसके बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमास पर हमले शुरू कर दिए। इसके बाद से वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई जो अभी भी जारी है।




### मोनालिसा की पेंटिंग पर फेंका सूप

**पेरिस**। पेरिस के लौवें म्यूजियम में क्लाइमेट चेंज एक्टिविस्ट्स ने मोनालिसा की पेंटिंग को निशाना बनाया। दो महिला एक्टिविस्ट ने संग्रहालय में पेंटिंग के सामने लगे शीशे पर सूप फेंक दिया। वीडियो में नजर आ रहा है कि पेंटिंग पर सूप फेंकने के बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी पेंटिंग के आगे ब्लैक स्क्रीन लगा देते हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार पेंटिंग के करीब जाकर दोनों एक्टिविस्ट फ्रेंच भाषा चिल्लाते हुए पूछा, "क्या ज्यादा जरूरी है, ऑर्ट या हेल्दी और सूटेबल फूड सिस्टम का अधिकार?"

## रूस-यूक्रेन नरसंहार मामला

# आईसीजे सुनाएगा फैसला

**एजेंसी** | हेग

रूस-यूक्रेन नरसंहार मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आइसीजे) शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। यूक्रेन ने आईसीजे में रूस पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, वहीं रूस का कहना है कि उसने नरसंहार को रोकने के लिए यूक्रेन पर आक्रमण किया। रूस ने कीव की कानूनी दलीलों को त्रुटिपूर्ण बताते हुए आईसीजे के जजों से मामले को खारिज करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि यूक्रेन ने 24 फरवरी, 2022 को रूस के हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। कीव का कहना है कि रूस यह कहकर 1948 के जेनोसाइड कन्वेंशन का उल्लंघन कर रहा है पूर्वी यूक्रेन में रूसी बोलने वालों के कथित नरसंहार को रोकने के लिए यूक्रेन पर आक्रमण उचित था।

### इस मामले में भी आएगा फैसला


आइसीजे बुधवार को एक और मामले में फैसला सुनाएगा, जिसमें यूक्रेन ने वर्ष 2014 में उड़ान एमएच 17 को गिराए जाने के मामले में रूस पर संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद और भेदभाव विरोधी संधियों को तोड़ने का आरोप लगाया है। यूक्रेन का कहना है कि इसमें मलेशिया एयरलाइंस की उड़ान एमएच 17 को रूस समर्थित विद्रोहियों ने मार गिराया था, जिसमें सभी 298 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए थे। हालांकि रूस ने आरोपों से इन्कार किया है।

## नासा के सपने को झटका

# चांद पर आ रहे भूकंप और भूस्खलन!

**एजेंसी** | वाशिंगटन

चांद से पूरी दुनिया के लिए बुरी खबर आई है। अतंरिक्ष एजेंसियां जब चांद पर उतरने के लिए साइट तय करती हैं तो कई बातों का ध्यान रखना होता है। अब भूवैज्ञानिकों को चंद्रमा पर भूकंप और भूस्खलन को भी ध्यान में रखना होगा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की जांच करने वाले शोधकर्ताओं ने फॉल्ट लाइंस की पहचान की है, जिनके खिसकने से करीब 50 साल पहले एक बड़ा चंद्रमा भूकंप आया था। जहां नासा के मिशन आर्टेमिस-3 की 2026 में लैंडिंग होनी है। यहीं पर नासा इंसानी बस्ती बसाने की योजना बना रहा है, ऐसे में उसके सपने को भी झटका लग सकता है।



### चंद्रमा की जमीन धरती से अलग

चंद्रमा के सिकुड़ने की एक वजह ये भी है कि चांद की सतह पृथ्वी की तुलना में कम कसी हुई है, इसमें अक्सर ढीले कण होते हैं, जिन्हें ऊपर फेंका जा सकता है और प्रभाव से इधर-उधर बिखेरा जा सकता है। इसके नतीजा ये होता है कि धरती के भूकंप की तुलना में चंद्रमा के भूकंप से भूस्खलन होने की संभावना ज्यादा होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार चंद्रमा पर बस्ती बसाने की संभावना के लिए ऐसी योजना बनानी होगी कि वहां जमीन उतनी स्थिर है कि नहीं, जितनी उम्मीद की जा रही है।

### पूरी तैयारी जरूरी

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को लेकर ये नए शोध सामने आए हैं, जो नासा के आर्टेमिस मिशनों के लिए संभावित लैंडिंग साइट है। जैसे-जैसे क्रू आर्टेमिस मिशन की लॉन्च तिथि के करीब पहुंच रहे हैं। अंतरिक्ष यात्रियों और बुनियादी ढांचे को यथासंभव सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण हो जाता है। शोधकर्ता निकोलस श्मेर ने कहा है कि हम चंद्रमा पर इंसान को भेजने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसी इंजीनियरिंग संरचनाएं बनाना जरूरी है जो चंद्रमा की भूकंपीय गतिविधि को बेहतर ढंग से झेल सकें और खतरनाक क्षेत्रों में लोगों की रक्षा कर सकें।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl